तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026


तोरवा छठघाट रोड पुल के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग।



## खबर संक्षेप

### नगर निगम की सामान्य सभा 13 को



**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। बैठक में पार्षदों से दो-दो प्रश्न मंगाए गए हैं, जो वे 3 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक निगम सचिवालय, विकास भवन में जमा कर सकते हैं। 6 फरवरी को विकास भवन में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा। बैठक के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें मेयर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे। इसके बाद अन्य प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में दिए जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा की बैठक हुई थी।

### स्वास्थ्य सचिव को शपथ पत्र में देनी होगी जानकारी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सेंदरी मेंटल हास्पिटल में चिकित्सकों की कमी पर सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य सचिव से एक नए शपथपत्र पर विस्तृत जानकारी मांगी है। इसमें आवश्यक भर्ती के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया और उठाये जाने वाले कदमों से अवगत कराना होगा। हाईकोर्ट में सेंदरी मेंटल हास्पिटल में चिकित्सकों की कमी और अव्यवस्थाओं को लेकर लंबे समय से जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इस अस्पताल के लिए सायकेट्रिस्ट पद हेतु किसी भी अभ्यर्थी के नहीं आने पर बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने शासन से कहा कि, अगर आपके विज्ञापन के बाद भी कोई अभ्यर्थी इस पद पर नहीं आवेदन कर रहा है तो तत्काल नई प्रक्रिया शुरू करें। कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से पूछा कि क्या कारण है कि, कोई नहीं आ रहा है। * सचिव से आगामी प्रक्रिया के सबंध में एक शपथपत्र पर विस्तृत जवाब मांगा है। इसमें बताना होगा कि नई भर्ती पूरी करने विभाग क्या कदम उठा रहा है, ताकि जल्द से जल्द सायकेट्रिस्ट पद पर नियुक्ति की जा सके। इसके साथ ही आगामी 12 मार्च को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है।

### निःशुल्क स्पाइन सर्जरी शिविर 3 अप्रैल से

**बिलासपुर।** कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कोनी में स्पाइन फाउंडेशन इंडिया के तत्वावधान में स्पाइन रोगों से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए 3 अप्रैल से तीन दिवसीय विशेष निःशुल्क उपचार एवं स्पाइन सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्पाइन फाउंडेशन इंडिया के विश्वप्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर भोजराज के मार्गदर्शन में चयनित मरीजों की निःशुल्क शल्यक्रिया की जाएगी। उपचार एवं शल्यक्रिया कार्य में सिम्स बिलासपुर के अस्थि रोग विभाग की सक्रिय भागीदारी रहेगी। सिम्स बिलासपुर के अस्थिरोग विभाग में प्रति बुधवार एवं शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्पाइन क्लिनिक का संचालन किया जाएगा। जहां मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच एवं आवश्यक मार्गदर्शन किया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ. रवि महोबिया, अस्थि रोग विशेषज्ञ को अधिकृत किया गया है, जिनसे संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# 30 हजार स्टूडेंट प्रमाण पत्र से वंचित, तीन महीने से बनना भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

जिले के सरकारी स्कूलों में पिछले तीन महीनों से जाति, निवास और आमदनी प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। तमाम नोटिस और कार्रवाई की चेतावनी के बाद भी लापरवाही जारी है। बावजूद इसके कई पालक आज भी लोकसेवा केंद्र, स्कूल व अन्य कार्यालयों में खानापूर्ति कराने के लिए भटक रहे हैं। अब शिक्षा विभाग ने बिल्हा ब्लाक के 15 संकुल समन्वयकों का एक महीने का वेतन रोकने का आदेश दिया है।

ध्यान रहे कि सरकारी घोषणा के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्र की शुरूआत में ही बनने वाला जाति, निवास व आय प्रमाण-पत्र को महत्वपूर्ण माना गया है। स्कूल से लेकर शैक्षिक काल तक इन तीनों प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है।

जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 30 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के पास जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र अभी भी नहीं बन सके हैं। जिले के सभी ब्लॉक के स्कूलों में प्रमाण-पत्र बनाने के लिए शिविर लगाए जाने के बाद भी इन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र नसीब नहीं हुआ है। आय व जाति प्रमाण-पत्र के अलावा अपार पंजीयन के लिए भी इन हजारों छात्रों को भटकना पड़ रहा है।

### 15 संकुल समन्वयकों का वेतन रोका जाएगा

- ब्लाकों में शिविर लगाए जाने के बाद भी जाति, निवास और आमदनी नहीं
- सत्र बीतने के बाद भी छात्र और पालक आफिसों के चक्कर काटने मजबूर



#### इनका रोका गया वेतन

संकुल केन्द्र टेकर, सिरगिट्टी, सिंघरी, राजेन्द्र नगर, मल्टपीपरपस, मटियारी, महारानी लक्ष्मी बाई, कोनी, गोढ़ी, धौंराभाठा, बिरकोना, बिजौर, बरतोरी, चकरभाठा और अमलडीहा शामिल है।

#### पूरा सत्र बीत गया, लापरवाही जारी रही

ज्ञात हो कि 2025-25 का शैक्षणिक सत्र बीतने को है। कुछ दिनों बाद परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी पर जिले के हजारों विद्यार्थियों के पास आय, जाति व अन्य दस्तावेज नहीं हैं। छात्रवृति, व अन्य सरकारी योजनाओं के लिए जरूरी इन प्रमाण-पत्रों को बनाने के लिए सत्र प्रारंभ होने के एक माह बाद ही उच्च कार्यालय से स्कूल व प्रशासनिक प्रयास करते हुए बनवाए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए थे लेकिन इसका असर नहीं हुआ और लापरवाही जारी रही।

#### रोका जा रहा है वेतन

स्कूलों में जाति, निवास और आमदनी प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही सामने आई है। इसी मामले में जिले के 15 संकुल समन्वयकों का वेतन रोका जा रहा है।

**- विजय तांडे**
जिला शिक्षा अधिकारी

#### जिले में लगाए गए थे शिविर

ध्यान रहे कि जिला स्तर पर कुछ महीने पहले जिले में अलग-अलग जोन बनाकर शिविर लगाकर निवास प्रमाण-पत्र बनाए जाने थे। उक्त शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारी, पटवारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इसके बाद भी शिविरों में कम ही प्रकरण निपटाए गए थे। हालांकि शिविर में जाति, निवास व आय प्रमाण-पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ पालकों की उपस्थिति के लिए कहा गया था ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का फॉर्म शिविर स्थल में ही ऑनलाइन सबमिट हो सके। इसके बाद भी शिविर का लाभ प्रचार-प्रसार की कमी की वजह से कम हो पाया।

## मंगलवार की रात बिलासपुर से युवक-युवती पहुंचे थे ग्राम संडैल

# शादीशुदा युवक ने पहले प्रेमिका का गला रेता, फिर खुद के गले पर चलाया चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/कोरबा

अशोक नगर निवासी शादीशुदा युवक बिलासपुर से अपनी प्रेमिका को लेकर कोरबा गया, यहां दोनों के बीच विवाद होने पर युवक ने चाकू से प्रेमिका का गला रेत दिया और फिर अपने गले पर भी चाकू चला लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से जख्मी युवती ने मोबाइल पर अपने परिजन को वारदात की जानकारी दी। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने युवक व युवती को देर रात को उपचार के लिए कोरबा मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया। युवती को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर अशोक नगर निवासी शुभम नायडू 28 वर्ष पिता बीके नायडू मूलतः मध्यप्रदेश के कटनी का रहने वाला है। उसने बचपन से बिलासपुर में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई की। वर्ष 2022 में बिलासपुर में ही रहने वाली नंदिता से उसने प्रेम विवाह किया था। दोनों का दो साल का पुत्र है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आई है उसके अनुसार शुभम नायडू एक निजी बैंक में काम करता था। उसके साथ पूर्व में बिलासपुर कश्यप कॉलोनी पुराना बस स्टैंड निवासी निशा उर्फ प्रतीक्षा श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास उम्र 26 साल काम करती थी, दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। जब नंदिता को उसकी जानकारी हुई तो शुभम और नंदिता के बीच इसी बात को लेकर अक्सर कहासुनी होती थी, पिछले 6 महीने से नंदिता अपने मायके में थी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात शुभम और उसकी प्रेमिका निशा उर्फ प्रतीक्षा बिलासपुर से बाइक में सवार होकर उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संडैल नहर पहुंचे थे । देर रात लगभग डेढ़ बजे शुभम नायडू और निशा के बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि शुभम नायडू ने अपने पास रखे चाकू से पहले अपनी प्रेमिका निशा का गला रेत दिया और कुछ क्षण बाद उसने अपनी गर्दन पर भी चाकू चला लिया। दोनों खून से लहूलुहान हो गए और शुभम नायडू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निशा ने मोबाइल पर वीडियो कॉल और मोबाइल फोन के माध्यम से इसकी सूचना अपने पिता और परिजन को दी। परिजनों ने इसकी सूचना बिलासपुर पुलिस को और बिलासपुर पुलिस ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। शुभम नायडू और उसकी प्रेमिका निशा उर्फ प्रतीक्षा को देर रात को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत शुभम नायडू को मृत घोषित कर दिया, जबकि निशा को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर शुभम नायडू की पत्नी नंदिता नायडू और उसके परिजन कोरबा मेडिकल अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई की और बयान लेने के बाद पुलिस ने शुभम नायडू के शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


अस्पताल में भर्ती युवती।

#### नंदिता लेने वाली थी तलाक

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि शुभम नायडू का निशा से अफेयर चल आ रहा था। जब इसकी जानकारी नंदिता को हुई तो उसने इसे लेकर कई बार अपने पति शुभम से आपत्ति भी दर्ज की थी और नंदिता ने इस मामले को लेकर बिलासपुर के महिला परामर्श थाने में शिकायत भी कराई थी, इसे लेकर शुभम और नंदिता को लेकर कई बार काउंसलिंग भी हुई थी। नंदिता ने शुभम नायडू से तलाक लेने की इच्छा भी जाहिर की थी, लेकिन शुभम तलाक लेना नहीं चाहता था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

#### युवक की मौत, युवती को गंभीर अवस्था में बिलासपुर किया गया रेफर





#### पूजापाठ के लिए जाने वाला था उज्जैन

पुलिस के मुताबिक शुभम नायडू और उसकी पत्नी नंदिता नायडू के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा था। नंदिता को जैसे ही यह मालूम चला कि बिलासपुर में रहने वाली निशा उर्फ प्रतीक्षा से उसके पति शुभम नायडू का अफेयर चल रहा है, इसे लेकर कई बार दोनों के बीच अनबन भी हुई थी और शुभम नायडू पूजा पाठ करने के लिए 4 फरवरी को ही उज्जैन जाने वाला था। पहले वह अपने घर कटनी जाने वाला था। फिर अपने परिजनों के साथ उज्जैन जाने की तैयारी थी लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई।

#### मामला किया गया दर्ज

प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का है। युवती के इशारे और मोबाइल चैट के आधार पर पुलिस ने मृतक शुभम के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

**- लखन पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा

#### कोतवाली थाने में गुम इंसान दर्ज

देर रात तक युवती के घर नहीं आने पर रात 1.40 बजे उनकी मां ने थाने में आकर जानकारी दी। उनकी रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर युवती के मोबाइल में संपर्क किया गया। रात 2 बजे युवती ने फोन उठाया, किन्तु वह बात नहीं कर पा रही थी। लोकेशन मांगने पर वह अपनी मां के मोबाइल में लोकेशन भेजा। उसके बाद कोरबा उरगा पुलिस को लोकेशन भेजकर घटना स्थल भेजा गया था।

**- देवेश सिंह राठौर** कोतवाली टीआई



## मरवाही के जंगल में दिखा दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर

**बिलासपुर।** मरवाही वन मंडल के जंगल में दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर रैटल को जोड़े में देखा गया, जो ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बना रहा। विभाग के अनुसार हनी बैजर देश में बहुत ही सीमित क्षेत्रों में पाने से दुर्लभ प्रजातियों में गिना जाता है।

यह अपनी असाधारण बहादुरी, आक्रामक स्वभाव और मजबूत त्वचा के लिए जाना जाता है। मधुमक्खियों के छत्तों के शहद निकालकर खाने की आदत के कारण इसे हनी बैजर कहते हैं। मरवाही वन मंडल के मरवाही रेंज अंतर्गत उसाड़ गांव में दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर का जोड़ा देखा गया। ग्रामीणों के मोबाइल से लिए गए फोटो व वीडियो के माध्यम से इस दुर्लभ जीव की उपस्थिति की पुष्टि हुई। दुर्लभ वन्यजीव हनी बैजर रैटल की उपस्थिति की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सुरक्षात्मक कार्रवाई करते हुए हनी बैजर के जोड़े को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर रवाना किया गया। मरवाही वन मंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन्यजीवों के पास न जाएं और न ही उन्हें परेशान करें। किसी भी वन्यजीव के दिखने पर तत्काल विभाग को सूचित करें। हनी बैजर बड़े शिकारी जानवरों की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा होने के बावजूद लड़ाई से पीछे नहीं हटता। यहां तक कि अपने से कई गुना बड़े वन्यप्राणियों शेर, लकड़बग्घे और जहरीले सांप भी हनी बैजर के दृढ़ रवैये और प्रभावशाली जीवन रक्षा कौशल के कारण दूर भाग जाते हैं।

# अवैध शराब पकड़ने गए पुलिसकर्मियों की बाइक के इग्निशन में ठूंस दी लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चार पहिया वाहन में लादकर लाई गई चार बाइक

अवैध शराब पकड़ने गए पुलिसकर्मियों की चार बाइक के इग्निशन में ग्रामीणों ने लकड़ी ठूंस दी। अनहोनी की आशंका पर टीआई अतिरिक्त बल के साथ गांव गए और पुलिसकर्मियों व उनकी बाइक को गाड़ी में लादकर थाने लाया गया। पुलिस ने अवैध शराब के साथ पकड़ी गई महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले दिनों क्राइम मीटिंग में एसएसपी रजनेश सिंह अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर सीपत टीआई को जमकर फटकार लगाई थी। उसके बाद टीआई सक्रिय होकर अवैध शराब बनाकर बेचने वालों को पकड़ रहे हैं। 3 जनवरी को टीआई राजेश मिश्रा के निर्देश पर 7 पुलिसकर्मी एक शासकीय बुलेट व तीन बाइक में अवैध शराब पकड़ने ग्राम खांड़ा गए थे। वे गांव में बाइक खड़ेकर संदेहियों के घरों में दबिश दे रहे थे। इस दौरान खांड़ा निवासी अंजनी सिदार पति राजेश सिदार 25 साल को पकड़कर उसके पास से



110 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण व बर्तन बरामद किया गया। पुलिसकर्मी महिला कोचिया को लेकर आए तो सभी बाइक के इग्निशन में चाबी लगाने के स्थान पर लकड़ी ठूंसी हुई थी। पुलिसकर्मियों ने टीआई को इसकी सूचना दी। टीआई पेट्रोलिंग गाड़ी, डायल 112 में अतरिक्त बल लेकर खांड़ा गांव पहुंचे। उसके बाद गाड़ियों को दूसरे वाहन में लादकर महिला कोचिया व पुलिसकर्मियों को लेकर थाने आए। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34, 2 / 34, 1 क च के तहत जुम दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## यूपीएससी की इंजीनियरिंग, व्यापमं की एनआरडीए और सीटीईटी परीक्षा होगी

# 8 फरवरी को एक साथ तीन परीक्षा, फंस गए 20 हजार से अधिक उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों अभ्यर्थियों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। 8 फरवरी 2026 को एक साथ तीन बड़ी परीक्षाओं के आयोजन से परीक्षार्थी असमंजस में फंस गए हैं।

इस दिन यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा (प्रीलिम्स), सीजी व्यापमं द्वारा आयोजित एनआरडीए (नया रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी) जूनियर इंजीनियर भर्ती परीक्षा, और सीटीईटी (केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा) आयोजित की जा रही है। तीन अहम परीक्षाओं के एक ही दिन होने से अभ्यर्थियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार परीक्षार्थी अपनी आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। कई उम्मीदवारों ने सीजी व्यापमं को लिखित आवेदन देकर परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग भी की है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिल सकी है।

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की लापरवाही सामने आई है। 8 फरवरी को एक ही दिन तीन बड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होने से हजारों अभ्यर्थी असमंजस में फंस गए हैं। इस टकराव का सबसे ज्यादा असर इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों पर पड़ेगा। अनुमान है कि करीब 20 हजार से अधिक उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने एक से ज्यादा परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, लेकिन एक ही दिन होने के कारण वे दोनों परीक्षाएं नहीं दे पाएंगे।




#### छात्रों की परेशानी बढ़ी

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कई छात्रों ने एनआरडीए और यूपीएससी आईइएस / ईएसई दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, लेकिन एक ही दिन परीक्षा होने से उनका भविष्य अधर में लटक गया है। छात्रों ने व्यापमं से मांग की है कि कम से कम एक परीक्षा की तिथि बदली जाए, ताकि अभ्यर्थियों को दोनों परीक्षाओं में शामिल होने का अवसर मिल सके। इसे लेकर छात्र व्यापमं कार्यालय के चक्कर भी काट रहे हैं।

#### बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरों पर दोहरी मार

इस परीक्षा टकराव का सबसे अधिक असर उन इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों पर पड़ा है, जिनके पास बीएड डिग्री भी है। ऐसे उम्मीदवारों के लिए सीटीईटी और जेई भर्ती दोनों ही कैरियर के अहम पड़ाव माने जाते हैं। एक ओर सीटीईटी शिक्षक बनने का राष्ट्रीय स्तर का अवसर देता है, वहीं दूसरी ओर एनआरडीए जूनियर इंजीनियर पद छत्तीसगढ़ में एक प्रतिष्ठित सरकारी नौकरी का माध्यम है।

#### 7 और 8 फरवरी को सीटीईटी

गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा सीटीईटी फरवरी 2026 की परीक्षा 7 और 8 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। बड़ी संख्या में आवेदकों के कारण, यह परीक्षा दो दिनों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा देश भर के 140 शहरों में होगी, जिसमें बिलासपुर, रायपुर भी शामिल हैं। 8 फरवरी को पेपर 1 और पेपर 2 की परीक्षा अलग-अलग शिफ्ट में होगी, जिसमें पेपर 2 सुबह और पेपर 1 दोपहर में होगा।

#### अभी तक राहत नहीं मिली

अभ्यर्थियों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों से बातचीत के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। न ही परीक्षा तिथि में बदलाव को लेकर कोई आधिकारिक सूचना जारी की गई है। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि यह लापरवाही सीधे तौर पर उनके करियर को प्रभावित कर रही है और इससे मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। छात्रों ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब परीक्षा कैलेंडर पहले से तय होता है, तो राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को ध्यान में रखकर तारीख क्यों नहीं तय की गई। उनका कहना है कि ऐसी चूक पहले भी हो चुकी है। उम्मीदवारों का कहना है कि यदि जल्द ही परीक्षा तिथि में बदलाव नहीं किया गया, तो छात्र आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। फिलहाल सभी की नजर व्यापमं के अगले फैसले पर टिकी हुई है।

## खबर संक्षेप

### रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी रायसेन ने अमिता को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी रायसेन भोपाल मध्यप्रदेश की शोधार्थी अमिता पाण्डेय को विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। अमिता ने अपना शोध कार्य विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पूर्ण किया है। उन्होंने अपना यह शोध डॉ रविंद्र पाठक के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनके शोध का विषय बैंक द्वारा प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता का ग्राहक संतुष्टि पर प्रभाव : बिलासपुर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक और निजी बैंकों का अध्ययन रहा। वे आचार्य पंडित दिनेश पाण्डेय की पुत्री एवं दीपेश पांडे की धर्मपत्नी हैं।

### कलेक्टर ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ



**बिलासपुर।** जिले में जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के अंतर्गत बिल्हा विकासखंड के ग्राम परसदा में भू-संरक्षण एवं जल संरक्षण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जल संरक्षण के लिए देश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवी श्री नीरज वानखेड़े ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व और भू जल को सहेजने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और बिल्हा के जनपद पंचायत अध्यक्ष राम कुमार कौशिक सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल जीवन के लिए अनमोल है लेकिन हमारे लगातार दोहन से भू जल स्तर में गिरावट आई है जिससे भावी पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। हमारी ये जिम्मेदारी है कि हम वर्षा जल का संरक्षण कर पानी को सहेजें और इस विकट समस्या से अपने गांव को बचाएं। उन्होंने वैकल्पिक खेती पर जोर देते हुए फसल विविधिकरण का संदेश दिया जिससे पानी की बचत हो।

### जिले में औद्योगिक निवेश को मिलेगी नई रफ्तार



**बिलासपुर।** जिले में औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में प्रस्तावित नए उद्योगों की स्थापना से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जिले में 43 प्रकार के विभिन्न उद्योग पाइपलाइन में हैं। वर्ष 2025-26 में 36 लघु और सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हुई है। इसमें 49 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ है और लगभग 3 सौ लोगों को रोजगार मिला है। बैठक में नए उद्योगों को प्रदान किए जाने वाले अनुदान एवं प्रोत्साहन संबंधी मामलों की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में उद्योगों की स्थापना से न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### एडवोकेट विनीत और नितेश को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बिलासपुर के सदस्य स्वर्गीय विनीत कुमार पाण्डेय एवं स्वर्गीय नितेश पंत की मृतात्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य सभी न्यायमूर्तियों की उपस्थिति में यह शोक सभा आयोजित की गई। मुख्य न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने स्वर्गीय विनीत कुमार पाण्डेय एवं स्वर्गीय नितेश पंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई एवं शोक सभा पश्चात न्यायालय की आगे की कार्यवाही को स्थगित किया गया। उच्च न्यायालय के इस फुल कोर्ट रेफरेंस को उच्च न्यायालय की कार्यवाही में शामिल करते हुए संवेदनाएं उनके परिजनों को प्रेषित की गई। शोकसभा में विवेक शर्मा महाधिवक्ता, राजेश कुमार केशरवानी प्रशासक उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, रमाकांत मिश्रा डिप्टी सालिसिटर जनरल भारत सरकार, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीग उपस्थित रहे।

---

**स्थानीय कुलपति को लेकर जोर** | छग समेत यूपी, बिहार, गुजरात के 77 प्रोफेसरों ने किया आवेदन

# एयू कुलपति पद की दौड़ में छत्तीसगढ़ के 15 प्रोफेसर शामिल, 9 को होगी स्क्रूटनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल यूनिवर्सिटी में नए कुलपति स्थानीय छत्तीसगढ़ से बनाए जाने की आवाज भीतर ही भीतर स्थानीय शिक्षाविदों में उठने लगी है और इस बार कुलपति बनने के लिए छत्तीसगढ़ से ही 15 प्रोफेसरों ने आवेदन किया है। कुलपति पद की दौड़ छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहारी, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि बाहरी राज्यों से भी 77 आवेदक शामिल हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कुलपति पद के लिए जिन 77 लोगों के आवेदन आए हैं, उनकी स्क्रूटनी 9 फरवरी को राजभवन में होगी। स्क्रूटनी में बहुत से आवेदक कट जाएंगे और उसके बाद आवेदकों की शार्टलिस्ट तैयार की जाएगी और फिर पात्र शिक्षाविदों को कुलपति पद के लिए राजभवन द्वारा इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के यूनिवर्सिटी में लगातार बाहरी राज्यों के शिक्षाविदों, प्रोफेसरों की कुलपति पद पर नियुक्ति होते जा रही है। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने इस बार छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रोफेसर, शिक्षाविद ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं और 77 में से 15 आवेदक छत्तीसगढ़ के ही प्रोफेसर हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि देश के अन्य राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविद कुलपति पद की दौड़ में शामिल हैं। अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के लिए राजभवन ने दिसंबर 2025 में विज्ञापन निकाला था और पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलपति पद के लिए 29 दिसंबर तक आवेदन मंगाए थे।

#### ये हैं तीन सदस्यीय सर्च कमेटी

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन प्रक्रिया के लिए अब राजभवन से तीन सदस्यीय सर्च कमेटी गठित कर दी गई है। इस कमेटी में राजभवन और यूजीसी का एक-एक प्रतिनिधि और एक प्रतिनिधि यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की तरफ से होते हैं। यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से अंबिकापुर के डॉ. धीरेन्द्र तिवारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसी तरह कुलाधिपति राज्यपाल की ओर से एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी असम के पूर्व कुलपति डॉ. बिद्युत चंदन डेका और यूजीसी की ओर से कर्नाटक यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. विष्णुकांत एस क्षत्रपाली सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह सर्च कमेटी 9 फरवरी को स्क्रूटनी के लिए राजभवन में बैठेगी और एक-एक आवेदकों के प्रोफाईल को देखेगी।

#### प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य

कुलपति के लिए नियम मापदण्ड तय किए गए हैं, जिसके अनुसार कुलपति पद का उम्मीदवार दूरदर्शी, नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान संबंधी जानकार होना चाहिए, साथ ही प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए। कुलपति के लिए किसी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसी तरह यूनिवर्सिटी और कालेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर यूजीसी विनियम और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के उपाय के शैक्षणिक नेतृत्व का प्रमाण होना चाहिए।

---

**कुदूदण्ड से लेकर तालापारा, सरकंडा, तारबाहर, जरहाभाठा, सिविल लाइन थाने में बीमारियों की आशंका** | **59 वार्डों में नाले, नालियों के बीच से गुजरी है पाइप पाइन, संक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता**

# 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक खर्च, फिर भी 7 लाख लोग दूषित पानी पीने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेयजल योजनाओं पर 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करने के बावजूद न तो शहरवासियों को नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से छुटकारा मिला और न ही योजना चौबीसों घंटों पानी सप्लाई के दावे पर खरा उतरा गया है।

हाल यह है कि आज भी शहर की घनी आबादी वाले तालापारा, सरकंडा, तारबाहर, जरहाभाठा, सिविल लाइन थाने के पीछे अंबेडकर नगर में नालियों की बीच से पाइप लाइन गुजरी है। इन इलाकों में पीलिया और दूसरी बीमारियां फैल भी चुकीं हैं। तात्कालिक तौर पर राहत अभियान चलाया जाता है लेकिन बाद में फिर वहीं स्थिति हो जाती है। पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है। गौरतलब है कि शहर में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए खर्च कर 276 किलोमीटर पाइप लाइनें बिछाई गईं हैं। इसी तरह 2007 से 2017 के बीच 81 करोड़ की जल आवर्धन योजना चलाई गई। इसके बावजूद नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से लोगों को छुटकारा नहीं मिला। डबरीपारा, चांटीडीह, किसानपारा, अशोक विहार, रपटा चौक में पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। इनसे संक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

#### 30 साल पहले बदली थी पाइप लाइन

पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है। यहां रहने वाले प्रभाकर राव, मनीषा सिध्द, प्यारी साहू ने बताया कि क्षेत्र में 30 साल पहले पाइप लाइन बदली गई थी जो कि अब नालियों के बीच से गुजरी है। इसी पानी को पीने से अनुष्का सिध्द, लावण्या साहू, विशाल कुमार और दूसरे बच्चे बीमार पड़ गए थे। इसके साथ ही शहर के इमलीपारा, तारबाहर, मगरपारा, बापूनगर, चिंगराजपारा, मधुबन, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह समेत कई वार्डों में पाइप लाइन नाले-नालियों से होकर गुजरी है, जिससे दूषित पानी सप्लाई होने से बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

#### 267 स्थानों पर नाले नालियों से गुजरी

गौरतलब है कि नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में डायरिया फैलने पर सर्वे कराया था। इसमें पता चला था कि शहर के 267 स्थानों पर पाइपलाइन नाले, नालियों के बीच से गुजरी हुई है। ऐसे में पाइप लाइन में लीकेज होने पर गंदा पानी सप्लाई होने की आशंका बनी हुई है। तत्कालीन समय में पीएचई और निगम ने संयुक्त सर्वे किया था, तब 59 वार्डों में नाले, नालियों के बीच से गुजरी करीब आठ किलोमीटर पाइप लाइन बदलने की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा बारिश के समय में पाइप लाइन में लीकेज से ज्यादा खतरा हो जाता है। जिसके कारण डायरिया के साथ ही पीलिया जैसी बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी शहर में दूषित पानी की समस्या के कारण तालापारा में उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी।

#### बिछाई जा रही पाइप लाइन

साफ पानी की उपलब्धता की सुनिश्चित करने के लिए ही तो अमृत मिशन योजना लागू की गई थी। इसके तहत शहर भर में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिन मोहल्लों में कमी है उसे दूर कर लिया जाएगा। नई पाइप लाइनें बिछाईं जा रहीं हैं।

**- प्रकाश सर्वे,** निगम कमिश्नर

#### दूषित पानी की बात सामने आई

जेपी वर्मा कॉलेज के बगल से मिनी बस्ती का क्षेत्र गुरु घासीदार नगर के अंतर्गत आता है। यहां के लोगों का कहना है कि अधिकांश गलियों की पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। बीच में गंदे पानी की शिकायत आने पर जांच करवाया गया था। इसमें दूषित पानी की बात सामने आई थी। वार्ड में अमृत मिशन की सप्लाई के बावजूद लोगों को 9 ट्यूबवेल से सीधी सप्लाई का सहारा ले पड़ रहा है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 65 संत नामदेव नगर में भी नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइन से गंदा पानी पहुंच रहा है। हालांकि लगातार शिकायत के बाद नाले-नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों को बदलने के निर्देश दिए गए हैं।



#### अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की लाइन

इधर निगम के कुछ जोन में पाइप लाइन में लीकेज दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा है लेकिन, जंग लगे और फूटे पाइप को बदलने व मेंटेनेंस का काम नहीं हो पाया है। लीकेज दुरुस्त करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की अलग-अलग समय में पाइप लाइन लगाई गई है, जिसके कारण दिक्कतें हो रही है और शिकायत के दौरान सुधार कार्य में भी समस्या होती है।

---

# 550 किसानों को फिर मिला धान बेचने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दो दिन बढ़ाई गई तिथि में बड़ी संख्या में लाभ उठा सकेंगे किसान
- करीब 20 हजार क्विंटल हो सकेगी धान खरीदी

सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए दो दिन और बढ़ाने का निर्णय लेने के बाद जिले के 550 किसानों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। इनमें से ज्यादातर किसान ऐसे थे, जिनका टोकन कटने के बाद भौतिक सत्यापन भी किया जा चुका था, लेकिन धान खरीदी का नंबर ही नहीं लग सका। जिले में बढ़ाई गई दो तिथियों में करीब 20 हजार क्विंटल धान की खरीदी और होने का अनुमान है।

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाने का मलाल अब जिले के 550 किसानों को नहीं रहेगा। सरकार के द्वारा धान विक्रय के लिए दी जाने वाली दो अतिरिक्त तिथियों 6 एवं 7 फरवरी को वे अपना धान उपार्जन केंद्रों में बेच सकेंगे। धान खरीदी के लिए तय अंतिम तीन दिनों 27, 28 एवं 29 जनवरी के लिए जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों के 414 किसानों ने न केवल टोकन प्राप्त कर लिया था, बल्कि उनके भौतिक सत्यापन भी किए जा चुके थे, लेकिन इनके द्वारा धान नहीं बेचा जा सका। इसी तरह करीब 136 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने धान बेचने के लिए टोकन कटवाने का रिक्वेस्ट डाला था। कुल मिलाकर धान बेचने से रह गए जिले के 550 किसानों से ही अब अगली दो तिथियों में धान खरीदा जाना है। इन किसानों से अनुमानित तौर पर 20 हजार क्विंटल धान की खरीदी होने की बात कही जा रही है।



#### निर्धारित अवधि तक ही चली धान की खरीदी

धान खरीदी को लेकर दो दिन की बढ़ोतरी की बात भले ही कही जा रही है, लेकिन किसानों के अनुसार समयसीमा में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। किसानों द्वारा यह बात कही जा रही है कि धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए तय की गई तिथि दिनांक 15 नवंबर को शनिवार था, जिससे उस दिन खरीदी नहीं की गई थी। इसी तरह धान खरीदी के लिए तय अंतिम तिथि 31 जनवरी को भी शनिवार का अवकाश था। प्रारंभ और अंत के जिन दो दिनों में अवकाश के कारण खरीदी नहीं हो सकी थी, वही दो दिन अब और किसानों को धान विक्रय के लिए दिए गए हैं, जिसमें तिथि में बढ़ोतरी जैसी कोई बात ही नहीं है।

#### दो दिन का मिलेगा मौका

धान खरीदी के अंतिम तीन दिनों के लिए 414 किसानों के टोकन व सत्यापन हो चुके थे, लेकिन खरीदी नहीं हो सकी थी। इसी तरह 136 किसानों ने टोकन के लिए रिक्वेस्ट डाला था। अब दो खरीदी दिवस में इन्हीं 550 किसानों से धान की खरीदी की जाएगी।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

---

## धुएं का अत्यधिक उत्सर्जन, नचिकेता पावर-स्टील का शटर डाउन

**बिलासपुर।** प्री कमिशनिंग स्टेज के दौरान धुएं के अत्यधिक उत्सर्जन के कारण सिलपहरी स्थित नचिकेता पावर एंड स्टील प्राईवेट लिमिटेड ने खुद से अपना शटर डाऊन कर लिया है। इस संबंध में क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल ने संबंधित संयंत्र को नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए थे। सुधार के लिए मांगी गई निर्धारित समयावधि तक भी सुधार नहीं हो पाने के कारण संयंत्र ने स्वतः ही अपना शटर डाउन कर लिया।

सिलपहरी में नचिकेता पावर एंड स्टील प्राईवेट लिमिटेड नामक एक संयंत्र जो कि प्री कमिशनिंग स्टेज पर है। क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों द्वारा बीते दिनों संयंत्र की जांच के दौरान धुएं का अत्यधिक उत्सर्जन होने की बात पर संबंधित संयंत्र को नोटिस जारी किया गया था। इस दौरान संयंत्र के द्वारा ब्रायलर टेस्टिंग के लिए दस दिनों का समय मांगा गया था। यह समय पूरा होने के बाद दो दिनों का और समय मांगा गया, लेकिन इस अवधि में भी संयंत्र द्वारा सुधार नहीं किया जा सका था। लिहाजा संयंत्र प्रबंधन के द्वारा स्वयं के द्वारा शटर डाऊन करते हुए फिलहाल संयंत्र को बंद कर दिया गया है।क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल के ईई आलोक कुमार साहूने बताया कि नचिकेता पावर एंड स्टील लिमिटेड सिलपहरी का रूटीन निरीक्षण किया गया था। इसमें प्री कमिशनिंग स्टेज के दौरान धुएं का अत्यधिक उत्सर्जन होने के कारण संयंत्र के द्वारा स्वतः ही शटर डाउन कर लिया गया है।

-

## श्री रामलला दर्शन करने के लिए 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना



**बिलासपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आस्था स्पेशल ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने इस अवसर पर कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का सम्मान है, जिसके माध्यम से समाज के हर वर्ग को प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सोच और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी उपस्थित रहे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं के स्वागत किया गया है।

## पन्द्रहवें वित्त आयोग फंड से पंचायतों में नहीं हो पा रहे नए काम

**बिलासपुर।** पंचायत चुनाव के बाद पंच-सरपंच ग्राम पंचायतों में पन्द्रहवें वित्त आयोग की राशि से नया कोई नया काम नहीं करा पाए हैं। क्योंकि उनके कुर्सी संभालने के बाद 15 वां वित्त आयोग का फंड ही नहीं आया था। पंचायत चुनाव के 10 माह बाद पन्द्रहवें वित्त का फंड आया है वह केवल एक किश्त ही मिला है। जिले को 5 करोड़ 67 लाख राशि मिलना था, किन्तु केवल एक करोड़ राशि आया है।

पन्द्रवें वित्त आयोग का फंड पंचायतों को सशक्त बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता है। जिले के 486 ग्राम पंचायतों में पिछले कई महिनों से कोई नया कार्य नहीं हो पाया है और 15 वां वित्त आयोग फंड से होने वाले विकास कार्य ठप्प हैं। क्योंकि पंच-सरपंचों के चुनाव जीतकर आने के बाद पन्द्रहवें वित्त आयोग का फंड एक भी बार नहीं आया था। फरवरी 2025 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ था, उसके बाद से पन्द्रहवें वित्त आयोग का एक भी किश्त नहीं आ पाया था, जबकि सालभर में चार किश्तों में राशि जारी की जाती है। पन्द्रहवें वित्त आयोग का फंड ग्राम पंचायतों में जनसंख्या के आधार पर दिया जाता है और ज्यादा जनसंख्या वाले पंचायतों को अधिक राशि मिलती है। लेकिन पंचायत जनप्रतिनिधि पन्द्रहवें वित्त आयोग फंड का इंतजार करते रह गए हैं और ऐसे-तैसे लगभग 10 महिने का उनका कार्यकाल निकल गया। करीब 10 महिने बाद अभी हाल ही में पन्द्रहवें वित्त का फंड रिलीज किया गया है वह भी ऊंट के मुंह में जीरा बताया जा रहा है। क्योंकि जिले को दो किश्तों की राशि लगभग 5 करोड़ 67 लाख मिलना था।

#### जल्द राशि आने की संभावना

पन्द्रहवें वित्त आयोग फंड कुछ महिनों से नहीं आ पाया था। पहली किश्त की राशि हाल ही में आई है। इसमें जनसंख्या के आधार पर ग्राम पंचायतों को अलग-अलग राशि मिलती है। पन्द्रहवें की बाकी राशि जल्द ही आने की संभावना है।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

#### टाइड व अनटाइड फंड का प्रावधान

15 वें वित्त आयोग तहत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत के लिए केन्द्र सरकार से अनुदान मिलता है जिसका उपयोग मुख्य रूप से बुनियादी सेवाएं स्वच्छता, पेयजल और स्थानीय विकास के कार्यो कचरा प्रबंधन, हैंडपंप मरम्मत, पेयजल, नाली, शिक्षा, अहाता आदि के लिए होता है। इसमें भी टाइड फंड और अनटाइड फंड दो तरह की राशि होता है। टाइड फंड में पेयजल, स्वच्छता कार्य आदि काम के लिए और अनटाइड फंड तहत निर्माण कार्यों आदि के लिए राशि दिया जाता है।

---


## चंद्र जावा शोरूम में रोड टैक्स आधा-बचत ज़्यादा के अंतिम दिन आज

**बिलासपुर।** व्यापार विहार मेन रोड स्थित जावा मोटरसाइकिल्स कंपनी के अधिकृत विक्रेता- चंद्र ऑटो व्हील्स के संचालक प्रतीक तिवारी ने बताया की संस्था ने आरएडीए आटो एक्सपो 2026 की छूट- पहली बार बिलासपुर में लाया है, जिसमे जावा और येजदी के गाड़ी खरीदने पर लाइफ टाइम रोड टैक्स लेने पर 50% आरटीओ की छूट की सुविधा उपलब्ध है, इसके अतिरिक्त 4 साल की एक्सटेंडेड वारंटी और 1 साल का आरएसए फ्री की भी सुविधा मिल रही है।

इससे ग्राहको को 12000-15,000 रुपए तक की बचत हो रही है। इस ऑफर का फायदा लेने की अंतिम तिथि 5 फरवरी तक है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने हाल ही में येज़्दी रोडस्टर लॉंच किया है, जिसे काफ़ी अच्छा प्रतिसाद मिला है। बॉबर और रोडस्टर के बेहतरीन लुक्स, फीचर्स और साल के इस सबसे बड़े ऑफर के कारण लोगो का बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है और जावा की गाड़ियो की भारी मांग बनी हुई है। शहर के ग्राहक के अलावा लोग कोरबा, जांजगीर, पेंड्रा तक से आकर गाडी लेकर जा रहे है। अधिक जानकारी, टेस्टराइड और बुकिंग्स के लिए ग्राहक शोरूम विजिट कर सकते हैं या 9522866665 पर संपर्क कर सकते हैं।



बिजनेस प्लस


## एफएमजीई इक्जाम में मैक्सिम कंसल्टेंसी के छात्रों ने मारी बाजी



तिलक नगर बिलासपुर स्थित मैक्सिम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर डॉक्टर सुधाकर तिवारी ने बताया कि विदेश से अपना एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करके आए डॉक्टर का एनएमसी के द्वारा एफएमजीई की परीक्षा ली गई। जिसमें प्रथम प्रयास में बहुतायत से छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि गत 36 वर्षों से छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारत के छात्र-छात्राओं को बहुत कम खर्चे में रसिया के गवर्नमेंट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कराते आ रही है। इस वर्ष उत्तीर्ण हुए डॉक्टरों में डॉक्टर भूमिका राजपूत, डॉक्टर दिशा शुक्ला, डॉक्टर फाल्गुनी राणा, डॉक्टर फाजिल असरफ, डॉक्टर कुणाल पुरी, डॉक्टर मोहित वर्मा, डॉक्टर नितेश साहू, डॉक्टर प्रज्ञा रनगरी, डॉ प्रमीता राठौर, डॉ निखिल गायकवाड़, डॉक्टर रश्मि सिंह आदि शामिल है।

एजुकेशन प्लस

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल श्री श्री अवार्ड 2026 के लिए पुरस्कृत



ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बिलासपुर को श्री श्री अवार्ड 2026 – शिक्षा में समग्र उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर ट्रस्ट द्वारा गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में दिया जाता है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए, बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गर्व का विषय है, जो राष्ट्रीय मंच पर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अग्रणी भूमिका को पुनः सिद्ध करती है। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने शाला परिवार को हार्दिक बधाई दी। स्मृति चिन्ह व 75000/- हजार के पुरस्कार प्राप्त करने के उपरांत विद्यालय की फाउण्डर प्रिंसिपल डॉ. श्रुति गुप्ता ने इसे ब्रिलियंट के सफलता की श्रृंखला का एक अनमोल मोती बताया। उन्होंने इसके लिए पूरे शाला परिवार को बधाई दी ।



वेकैंसी

## महिला सेना पुलिस भर्ती रैली 23 को 33 जिलों की युवतियां होंगी शामिल

**बिलासपुर।** भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली 23 फरवरी 2026 को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी (मप्र) में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों की चयनित महिला अभ्यर्थी भाग लेंगी। महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के बीच ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल घोषित महिला उम्मीदवारों को ही भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं में सम्मिलित किया जाएगा।




कार्यक्रम

## लायंस वसुंधरा बिलासपुर ने किया बालिका सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने अपने क्लब प्रोजेक्ट बालिका सम्मान के अंतर्गत अमरकंटक में आयोजित थर्ड कैबिनेट में अपनी उपस्थिति के अवसर पर बालिकाओं का सम्मान किया। अमरकंटक में मृत्युंजय आश्रम के निकट विद्यालय की बच्चियों को स्कूल बैग पर्स और ज्वेलरी उपहार स्वरूप देकर माघ पूर्णिमा के अवसर पर उनका सम्मान किया क्योंकि बालिका सम्मान वसुंधरा का क्लब प्रोजेक्ट है और बालिका सहयोग डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट है। इस अवसर पर अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा,संजना मिश्रा ,सचिव अर्चना तिवारी,शोभा त्रिपाठी, हंसा सेलारका,कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा ,सीता तिवारी ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

आयोजन

## छात्रों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर समाज में सक्रिय भूमिका निभाई



**बिलासपुर।** बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने एवं समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से जन-जागरूकता अभियान एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं संयोजक अजीत विलियम्स द्वारा किया गया। मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्परिणामों पर नशा युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और भविष्य को नष्ट कर देता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें। और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कैंसर दिवस : जागरूकता रैली, संगोष्ठी व कैंसर योद्धाओं का सम्मान

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के कैंसर विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे कैंसर जन-जागरूकता रैली से हुई, जिसे सिम्स अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, विभिन्न विभागों के चिकित्सक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ चंद्रहास ध्रुव ने कहा कि "जन-जागरूकता रैली का उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच को प्रोत्साहित करना तथा कैंसर से होने वाली गंभीर जटिलताओं से शीघ्र निदान द्वारा निपटना है। कार्यक्रम में सह-अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

दूसरे कार्यक्रम के रूप में प्रातः 9:30 बजे कैंसर वार्ड में कैंसर से पूर्णतः स्वस्थ हो चुके कैंसर योद्धाओं एवं वर्तमान में उपचाररत मरीजों को मुख्य अतिथि डॉ रमणेश मूर्ति, डॉ लखन सिंह, डॉ भूपेंद्र कश्यप एवं डॉ चंद्रहास ध्रुव द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तृतीय कार्यक्रम के अंतर्गत सिम्स के सभागार में एक वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. प्रशांत कशेर, निदेशक, करुणा कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर उपस्थित रहे। अन्य वक्ताओं में डॉ रिचा अग्रवाल गुप्ता एवं डॉ संतोष पटनायकुनी ने अपने वैज्ञानिक सत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में भारत में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसर, उनके लक्षण, समय पर निदान एवं उपचार की अत्याधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नई कीमोथेरेपी दवाइयों एवं बायोलॉजिकल थेरेपी पर भी गहन जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, मेडिकल एवं नर्सिंग छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैंसर विभाग के चिकित्सक डॉ. हेमू टंडन, सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष पटनायकुनी, सहायक प्राध्यापक डॉ रिचा अग्रवाल, जूनियर रेजिडेंट डॉ एरिक, डॉ शिवम एवं बरखा का विशेष योगदान रहा।




### मरीज का मनोबल भी अत्यंत आवश्यक

सिम्स डीन डॉ रमणेश मुर्ति ने कहा कि आज कैंसर के कई प्रकार समय पर पहचान और सही उपचार से पूरी तरह ठीक किए जा सकते हैं। विश्व कैंसर दिवस समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। सिम्स मेडिकल कॉलेज आमजन को जिले में ही आधुनिक कैंसर उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ लखन सिंह ने कहा कि कैंसर के उपचार में चिकित्सा के साथ-साथ मरीज का मनोबल भी अत्यंत आवश्यक है। सिम्स चिकित्सालय में कैंसर मरीजों को समर्पित, संवेदनशील एवं आधुनिक उपचार सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।





# रामसेतु हनुमान मंदिर में महाआरती व पाठ





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा द्वारा फरवरी माह के प्रथम मंगलवार को हर माह के भांति इस माह भी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा महापाठ, श्री राम स्तुति पाठ, महाआरती एवं भोग प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें अधिकाधिक संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे, समिति के सदस्यों नवनियुक्त भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों को इस आयोजन में आमंत्रित किया एवं रामपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मान किया। इस मौके पर महर्षि बाजपेयी अंकुश गुप्ता, भानुप्रिया गुप्ता, विश्वजीत ताम्रकार, अपूर्वा ताम्रकार ,देवेंद्र गुड्डा मिश्रा, आराधना मिश्रा, रितेश निखारे, जाफर मेमन, राहुल वाधवानी का सम्मान किया गया आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस माह का कार्यक्रम 39वाँ आयोजन था जो समिति के सदस्यों ने धूमधाम से सम्पन्न किया।

# डीपी कॉलेज में पक्षी पहचान व गणना की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंडिया मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य कार्यालय द्वारा डब्लु-डब्लुएफ वॉलंटियर्स डे के अवसर पर वेटलैंड हेल्थ असेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन डीपी विप्र महाविद्यालय के विधार्थियो की सक्रिय सहभागिता रही। इस कार्यक्रम का अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग डी पी विप्र महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा प्रदान किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में तृतीय सेमेस्टर के छात्र स्वयंसेवक नेहा, टिकेश एवं यशवंत सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक एवं जैव-विविधता संबंधी महत्त्व को रेखांकित करना, वेटलैंड हेल्थ असेसमेंट की वैज्ञानिक विधियों से प्रतिभागियों को परिचित कराना तथा पक्षी पहचान एवं गणना की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड-आधारित टूल्स एवं प्रत्यक्ष अवलोकन विधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।



इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ दीपक कश्यप विषय-विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी व्याख्यान, फील्ड प्रशिक्षण एवं अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों को संरक्षण-आधारित गतिविधियों की वैज्ञानिक समझ विकसित करने में सहायता मिली। यह आयोजन विद्यार्थियों की क्षमता-वृद्धि के साथ-साथ आर्द्रभूमि संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

इस मौके पर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला,डॉ एम एस तंबोली, डॉ मनीष तिवारी, डॉ किरण दुबे, डॉ आभा तिवारी,युपेश कुमार ने आभार व्यक्त किया।

स्पोटर्स न्यूज

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में 18 राज्यों के खिलाड़ी शामिल

# खेल के माध्यम से करें देश का नाम रौशन

**बिलासपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालयों में भी माहौल बन रहा है। सभी मन लगाकर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए माता पिता प्रदेश और देश का नाम रौशन करें।

स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के आदेश पर सभी राज्यों में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत एसजीएफआई ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी अलग-अलग नेशनल गेम्स कराने की जिम्मेदारी दी है। इस आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय और जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 4 से 8 फरवरी तक 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत साफ्टबॉल अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मेजबाल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अलावा राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, विद्याभारती, मणिपुर, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, तमिलनाडू, दिल्ली, हरियाणा, तेलांगना, पश्चिम बंगाल, सीबीएसई, बिहार टीम के 576 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी और 200 कोच, आफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार की शाम प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी ने समस्त राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर का स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम अपने देश को भारत माता कहते हैं ठीक उसी प्रकार छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है जो अपने मातृ भूमि को छत्तीसगढ़ महतारी कहता है। और इस छत्तीसगढ़ महतारी की कोरा में आप सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है खेलो इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार देश में खेल के लिए जो माहौल बना है वैसा ही माहौल इन शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यालयों में भी बन रहा है। सभी खिलाड़ी मन लगाकर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपने माता-पिता, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सभापति खेलावन पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे, सहायक संचालक श्रीमती वर्षा, एपीसी डॉ.अखिलेश तिवारी एपीसी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ खेल अधिकारी सुशील मिश्रा, अखिलेश मेहता, जिला क्रीड़ा अधिकारी कमलेश यादव, साजिद खान, रितेश सिंह, सुभाष त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, अभ्युदय तिवारी, अख्तर खान, अजय त्रिपाठी, भारती दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और खिलाड़ी उपस्थित थे।



### मेजबान छत्तीसगढ़ अगले राउंड में

प्रतियोगिता के पहले दिन सभी राज्यों की टीम के अलग-अलग मैच खेले गए। इसमें बालिका वर्ग के पहले मैच में दिल्ली ने बिहार को, चंडीगढ़ ने मणिपुर को, सीबीएसई ने जम्मू काश्मीर को, छत्तीसगढ़ की टीम ने दिल्ली को, चंडीगढ़ ने मणिपुर को, सीबीएसई की टीम ने तमिलनाडु को, पंजाब की टीम ने गुजरात को, महाराष्ट्र की टीम ने गुजरात को, विद्याभारती की टीम ने आंध्रप्रदेश को, हरियाणा की टीम ने तेलंगाना को, मध्यप्रदेश की टीम ने आंध्रप्रदेश को और राजस्थान की टीम ने तेलंगाना को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

### लाइजनिंग अफसर नियुक्त

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं। इसमें शहर के 18 स्कूलों में आवास की व्यवस्था की गई है। वहीं ब्रजेश स्कूल प्रांगण में एक कॉमन मेस बनाया गया है, जहाँ भोजन की उत्तम व्यवस्था है। परिवहन व्यवस्था में खिलाड़ियों को आवास से खेल मैदान छत्तीसगढ़ स्कूल, लोयला स्कूल और खेल परिसर तक लाने-ले जाने के लिए बसों का सुचारु प्रबंध है। प्रत्येक राज्य के साथ समन्वय के लिए एक महिला और एक पुरुष लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# खेल संगठन में करता है एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार

एसईसीएल में सीआईएल अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन एसईसीएल और एनसीएल की टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के तत्वावधान में 4 से 7 फरवरी तक आयोजित कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता की ओपनिंग स्व. बीआर यादव अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान बहतराई में की गई। प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसकी मेजबानी का अवसर एसईसीएल को एक दशक के लंबे इंतजार के बाद मिला है। ओपनिंग के दौरान मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, विशिष्ट अतिथि निदेशक वित्त डी सुनील कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांश जैन के अलावा हॉकी बिलासपुर के अध्यक्ष रोहताश्व बाजपेयी, श्रमसंघ प्रतिनिधियों में एसईसीएल कल्याण मण्डल के सम्मानित सदस्य बजरंगी शाही, राजेश शर्मा एवं पी चंद्रकांत के साथ एसईसीएल मुख्यालय कल्याण मंडल समिति, जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, समस्त काउंसिल एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी टीमों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी। इसके पश्चात निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा गोल पोस्ट पर प्रतीकात्मक गोल कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। अपने संबोधन में बिरंची दास ने कहा कि खेल संगठन में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह प्रतियोगिता कोल इंडिया परिवार की खेल भावना और समन्वय का प्रतीक है।

### एसईसीएल में सीआईएल अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



# नेटबॉल ट्रायल में जेपी वर्मा कॉलेज की टीम विजेता

शांतिनिकेतन महाविद्यालय के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन नेटबॉल महिला व पुरुष प्रतियोगिता के तहत यूनिवर्सिटी टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल कराया गया, जिसमें जेपी वर्मा कॉलेज की टीम विजेता रही। देवकीनंदन कन्या शाला के मैदान में आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के डायरेक्टर योगेश गुप्ता ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वर्तमान में विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल के माध्यम से भी अपना भविष्य निर्माण कर रहे हैं। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में 6 तथा पुरुष वर्ग में 5 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय विजेता रहा, जबकि शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय ने विजेता का खिताब अपने नाम किया तथा शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय, कोरबा उपविजेता रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ.आलोक शर्मा, डॉ.बसंत अंचल, डॉ.सुरेश पवार, अरविंद सिंह, आशीष बाजपेई, डॉ.सतीश गोयल, ओमकार जायसवाल, आलोक चौरसिया, दिव्येंदु शुक्ला, आनंद सिंह, बृजेश शर्मा, अमित पिल्ले एवं कुमारी सविता सहित आयोजन सचिव व क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सन्नाड एवं खिलाड़ी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### मदनलाल बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला बिलासपुर ग्रामीण की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन विस्तार के तहत सीपत मंडल के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता मदनलाल पाटनवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### अखिल भैना समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने राजाराम



**मल्हार।** अखिल भैना समाज की 3 दिवसीय महासभा का आयोजन ग्राम नवागांव सक्ती में किया गया, जिसमें भैना समाज के सामाजिक नियमों का रीति-रिवाजों पर गहन चिंतन-मनन किया गया। इसी क्रम में अंतिम दिन समाज के प्रदेश अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव किया गया, जिसमें मल्हार के माटीपुत्र रिटायर्ड उपपंजीयक राजाराम राजभानु को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत रहे। जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, संयुक्त सचिव एमडी दीवान, पूर्व डीआईजी बीपी राजभानू व गजमती भानु की अध्यक्षता में आयोजन हुआ।

## निधन

### उर्मिला तिवारी



**बिलासपुर।** कटघोरा के पास ढेलवाडीह निवासी रिटायर्ड हेड मास्टर लोमश प्रसाद तिवारी की पत्नी उर्मिला तिवारी (शांति) का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे तखतपुर के नायब तहसीलदार अनिरुद्ध तिवारी और सौरभ तिवारी की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी, गुरुवार को गृहग्राम ढेलवाडीह में सुबह 10 बजे होगा।

### जसवंत भाई कक्कड़



**बिलासपुर।** जगमल ब्लॉक निवासी जसवंत भाई कक्कड़ का निधन 4 फरवरी को हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया गया। वे विनीत व मेहुल कक्कड़ के पिता एवं शशिकांतभाई कक्कड़, स्व लीलाधर भाई कक्कड़, स्व जयंती भाई कक्कड़, एवं स्व गोपाल भाई कक्कड़ के भाई थे।

### आरएस राऊत



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी आर.एस. राऊत का 4 फरवरी को निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन में किया गया। वे किशोर पद्माकर एवं शैलेश राऊत के पिता एवं आदित्य रितुल के दादा थे।

### ज्वाला प्रसाद सिहोरे



**बिलासपुर।** नगर पंचायत बोदरी निवासी ज्वाला प्रसाद सिहोरे का 4 फरवरी को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बोदरी में किया गया। वे सुरेश सिहोरे, सुनील सिहोरे के पिता थे।

### प्रदीप कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम ढनढन निवासी प्रदीप कौशिक 35 वर्ष का 4 फरवरी को निधन हो गया। वे बहोरन लाल कौशिक के पुत्र, प्रमोद कौशिक के भाई एवं रमीज व माही कौशिक के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ढनढन में किया गया।

### मांघीलाल साहू



**पथरिया।** ग्राम पड़ियाईन निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी मांघीलाल साहू का 80 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार को गांव के मुक्तिधाम मे किया जाएगा। वे सहकारी समिति अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, ईश्वर साहू के पिता एवं जनपद सभापति लोकेश साहू के दादा थे।

### लक्ष्मी दुबे



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम वेदपरसदा निवासी स्वर्गीय धनेश्वर प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी दुबे का 4 जनवरी को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 5 जनवरी को सुबह 9 बजे गृहग्राम वेदपरसदा में किया जाएगा। वे पुत्तन दुबे की मां थीं।

### बहन से बात करने की आशंका पर दिया हत्या को अंजाम

# फरहदा मर्डर केस का खुलासा, दो आरोपी गए जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**जरहागांव।** क्षेत्र के फरहदा हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी अर्जून साहू पिता गौकरण साहू उम्र 20 वर्ष निवासी फरहदा ने 3 फरवरी को जरहागांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, करीबन दो-ढाई माह पहले मृतक कोमल साहू का गांव के जयपाल उर्फ कल्लू साहू के साथ उसकी बहन के साथ बातचीत करने की आशंका पर विवाद हुआ था। इसी बात की रंजिश रखते हुए दिनांक 2 फरवरी की रात करीबन 10.30 बजे खरवोरवा तालाब पार ग्राम फरहदा के पास जयपाल साहू ने प्रार्थी अर्जुन और कोमल साहू के साथ मारपीट की। इसी दौरान हितेश उर्फ हरिओम कश्यप ने अपने पास रखे चाकू से हत्या की नियत से अर्जुन साहू के पेट और दाहिने हाथ पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही उसने कोमल साहू पर जानलेवा हमला करते हुए उसके पेट में चाकू घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोमल साहू इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिकायत पर जरहागांव पुलिस ने धारा 103 (1), 109, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर विवेचना प्रारंभ की गई एवं जल्द ही आरोपियों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू व मोबाइल को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना कारित करना स्वीकार किया गया। इस पर प्रकरण मे 25,27 आर्म्स की धारा जोड़कर आरोपी हितेश उर्फ हरिओम कश्यप पिता रामनिवास उम्र 18 साल निवासी बजरंगपारा जरहागांव व जयपाल उर्फ कल्लू साहू पिता रामेश्वर साहू उम्र 20 वर्ष निवासी फरहदा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** खाना बनाने बैठे युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरमपुर निवासी शत्रुहन भास्कर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 3 फरवरी को रात 8 बजे वह अपने दोस्तों के साथ खाना बना रहा थास, तभी राजा नामक युवक वहां आया और गाली-गलौज करने लगा।शत्रुहन ने जब उसे ऐसा करने से मना किया, तो उसने उसके साथ मारपीट कर दी। शाकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

### दुपहिया वाहन पार, मामला दर्ज

**तखतपुर।** सड़क किनारे खड़ी दुपहिया वाहन को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुलघट रोड निवासी जितेंद्र धनकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 3 फरवरी को शाम 4:30 बजे वह अपनी दुपहिया सीजी 10 एक्यू 7067 को निगारबंद में सड़क किनारे खड़ी कर खेत देखने गया था। जब वापस आया तो देखा कि, वाहन गायब था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ

### देशभर से जुट रहे साधु संत, उमड़ रहे श्रद्धालु



**दगोरी।** अध्यात्म विज्ञान उपकेंद्र द्वारा सन्नाड्य कुर्मी धर्मशाला में तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में केंद्रीय अध्यात्म विज्ञान शाला ओंकारेश्वर के संचालक प्रवक्ता डा. उमाशंकर चेतन्य ने कि पांच तत्व तीन गुणों के विज्ञान के माध्यम से निरूपण करने से ही हम परमपिता परमेश्वर को जान सकते हैं। चराचर विश्व में जो दिख रहा है वे ही परमात्मा हैं। अर्थात विश्व ही परमात्मा है।

तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ दीपिका कौशिक द्वारा स्वागत पश्चात हुआ। दर्शन लाल कौशिक, मनमोहन कौशिक ने आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। ओंकारेश्वर से आए स्वामी डा. उमाशंकर चेतन्य का स्वागत अध्यात्म विज्ञान शाला उपकेंद्र के अध्यक्ष खेलव राम साहू, उपाध्यक्ष हरदेव सूर्यवंशी, सचिव परमेश्वर कौशिक, संरक्षक अगड़ा हील निषाद, दर्शन लाल कौशिक, फागुराम निषाद, दूजराम यादव पंडा, रामचरण निषाद, बलदाऊ कौशिक, राजेंद्र कौशिक, जवाहिर साहू, श्रवण साहू, एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट, नरेंद्र सन्नाट ने किया। शाला के उपसंचालक राजेंद्र क्षत्रिय, ग्वालियर से राम देवी, विश्वरूपा नंद, प्रताप स्वर्णकार, पीताम्बर सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शंकर ध्रुव, अमरसिंह सन्नाट, हरिराम कौशिक, माधोराम निषाद, जेठूराम साहू, जगदीश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### फुलवारी में अखंड नवधा रामायण 9 तक



**तखतपुर।** ग्राम फुलवारी में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 31 जनवरी से 9 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसमें आचार्य पं दिलहरण दुबे, भागवत प्रसाद तिवारी व यजमान शशी-भागवत प्रसाद दुबे व बिसाहिन-लेखराम यादव हैं। आयोजन की तैयारी में जगदीश यादव, भरत लाल धुरी, सुखदेव नेताम, मयाराम कैवर्त, माखन साहू सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### विधायक लहरिया के प्रयास से सोनसरी-मुकुंदपुर मार्ग स्वीकृत



**मस्तूरी।** क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में ब्लॉक मस्तूरी अंतर्गत सोनसरी से मुकुंदपुर पहुंच मार्ग के निर्माण को राज्य शासन से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह मार्ग लंबे समय से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रही है, जो विधायक दिलीप लहरिया के अथक प्रयासों एवं प्रभावी पहल से साकार हो सकी है। गौरतलब हो कि, सोनसरी से मुकुंदपुर तक कुल 8.675 किलोमीटर लंबाई के इस सड़क निर्माण कार्य हेतु 19 करोड़ 5 लाख 17 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा दी गई है। इस सड़क निर्माण से ग्राम सोन, बसंतपुर, मुकुंदपुर एवं उदयबंद के ग्रामीण प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। मार्ग के निर्माण से आवागमन सुगम होगा, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलने की संभावना है।

# अंतर्राज्यीय आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल हुए युवा



**मल्हार।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा आयोजित 5 दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का समापन यूथ हॉस्टल गोवा में हुआ।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से आए 37 युवाओं सहित देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने राज भवन, गोवा विधानसभा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स, लाल महल एवं म्यूजियम का भ्रमण कर देश की विविध संस्कृति, प्रशासनिक व्यवस्था एवं नेतृत्व क्षमता को नजदीक से जाना। छत्तीसगढ़ से मस्तूरी क्षेत्र के सहभागी युवा धनेश रजक ने कहा कि, यह कार्यक्रम हमारे लिए केवल यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी को समझने का सशक्त माध्यम रहा, जिसने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर राज्य निदेशक कालिदास घाटवल्कर ने प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। आयोजन की सफलता में सौमित्र साह, अर्जुन सिंह, यानेन्द्र कुमार एवं पंकज साहू का विशेष योगदान रहा। सभी स्वयंसेवकों ने उपनिदेशक अर्पित तिवारी एवं नितिन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सागर महराज का नगर आगमन आज



**मुंगेली।** दिगंबर जैन समाज के आचार्य विशुद्ध सागर महराज का नगर आगमन 5 फरवरी को सुबह लगभग 8 बजे होने जा रहा है। आचार्य के साथ 19 मुनिराज एवं लगभग 25 उनके ब्रह्मचारी शिष्य संघ नगर पधार रहे है। आचार्य की अगवानी जुलूस के साथ लाइफ लाईन हॉस्पिटल के पास से सिंधी कालोनी होते हुए पड़ाव चौक, बालानी चौक, पुराना बस स्टैंड, गोल बाजार, से पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर एवं वहां से नया ओसवाल भवन तक बैंड बाजे के साथ जाएंगे। लगभग 10 बजे मंदिर में आहार हेतु पड़गाहन एवं समाज के विभिन्न घरों में व ओसवाल भवन में गुरुवरजनों के आहार होंगे। 1.30 बजे आचार्य के प्रवचन कम्युनिटी हाल में होंगे। प्रवचन के पश्चात दोपहर लगभग 3 बजे आचार्य का विहार पुराना बस स्टैंड से बालानी चौक, पड़ाव चौक होते हुए पंडरिया रोड तरफ होगा।



# सागर सरोवर परिसर में स्वच्छता अभियान

**सकरी।** ग्राम सागर स्थित सागर मैया सरोवर परिसर में बुधवार को जय सागर मैया सेवा समिति की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में फैली गंदगी की साफ-सफाई की गई। विदित हो कि, माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जहां हजारों की संख्या में भीड़ जुटती है। इस अवसर पर यहां सैकड़ों दुकानें लगती हैं, जिससे परिसर में कचरा फैल जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति के युवाओं ने स्वस्फूर्त सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में आनंद अवस्थी, डॉ प्रवीण तिवारी, शरद गंधर्व, मनोज साहू, आशुतोष, पांडेय, किशोर मिश्रा, अनिल यादव, भुवन यादव, गोविंदा यादव, राजेंद्र यादव, हितेश साहू, हिमांशु शर्मा, रामेश्वर करुणे, दीपेश सागर, विशाल कौशिक आदि उपस्थित थे।

# सकरी पुलिस ने सुनी जनता की शिकायतें, किया निराकरण

**सकरी।** बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह परिहार की उपस्थिति में थाना प्रभारी सकरी विजय चौधरी ने सकरी थाना परिसर में शिविर लगाया, जहां आमजन की शिकायतें सुन कर उनका त्वरित निराकरण किया गया।

इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह परिहार ने कहा कि, पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम करना ही प्राथमिकता है। शिविर का उद्देश्य लोगो की समस्याओं को सीधा सुनकर त्वरित समाधान करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना को बेझिझक पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते कारवाई की जा सके। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने में नागरिक सहयोग को अहम बताया। थाना प्रभारी सकरी विजय चौधरी ने कहा कि, थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था पुलिस की जिम्मेदारी है। शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगो से नशे, अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत देने की अपील की। सकरी स्थित शिविर में 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया।




# रजत महोत्सव में उपभोक्ताओं का सम्मान



**बेलगहना।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत विद्युत विभाग बेलगहना की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना एवं नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण व विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर योजना के लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को विद्युत से जुड़ी योजनाओं, सुरक्षा उपायों तथा ऊर्जा की बचत के महत्व की जानकारी दी। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा पर चर्चा की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण राजेश कश्यप ने कहा कि, बीते 25 वर्षों में राज्य ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें विद्युत व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप भाजपा जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण राजेश कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष मनोहर राज, जनपद सभापति उर्मिला प्रधान, विधयाक प्रतिनिधि शिवदत्त पाण्डेय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन साहू, सरपंच तुलसीराम खुसरो, वीरेंद्र बहादुर सिंह, युवा पत्रकार राम प्रताप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री अरुण कुमार साहू, रतनपुर विद्युत विभाग के सहायक यंत्री राजेंद्र जगत, सुनील कुमार विश्वकर्मा विभाग के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**बिलासपुर।** राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन की ओर से आयोजित कोटा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किया गया। आयोजन की मेजबानी ग्राम पंचायत नागोई बेलगहना द्वारा किया जा रहा है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुवे क्रीडा अधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि, खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा व समस्त ग्रामवासी नागोई की सयुंक्त मेजबानी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन बुधवार को राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा के चेयरमैन जीवन मिश्रा, नागोई ग्राम पंचायत सरपंच अजय पैकरा ने किया। प्रतियोगिता का पहला मैच बेलगहना और करवा के बीच खेला गया, जिसमें करवा की टीम ने दर्ज की। वहीं दूसरा मैच विचारपुर व सोनसाय नवागांव के मध्य खेला गया, जिसमे सोनसाय नवागांव ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पंच राम भानु, रूप सिंह नेटी, शिव कुमार, विमल दास मानिकपुरी सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26

पक्षकार :- बिलासपुर सेवा भारती बिलासपुर द्वारा सचिव भास्कर वर्तक पिता स्व. दत्तात्रय वर्तक .... आवेदक

बनाम दीपक वैशम्पायन पिता स्व. दत्तात्रय श्री कृष्ण वैशम्पायन वगैरह ....अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिलासपुर सेवा भारती बिलासपुर द्वारा सचिव भास्कर वर्तक पिता स्व.दत्तात्रय वर्तक पता मां तुलजा भवानी मंदिर के पास होमगार्ड कैम्प के सामने कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नं. 04 प्लाट नं. 56/8 रकबा 2400 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अग्निभलेखो मे अनावेदकगण दीपक वैशम्पायन पिता स्व. दत्तात्रय श्री कृष्ण वैशम्पायन वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदक के द्वारा अनावेदकगण से उक्त भूमि को दान विलेख के आधार पर प्राप्त कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 23 / 2/ 2026 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 5/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय : चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी: सर्व विजय अग्रवाल)**

पोसेस क्रमांक-32/26
व्य.अ.प्र.क्र.- 03/अ/2024
पेशी तिथि- 10/03/2026

**ईश्तहार**

शंकर लाल खण्डलिया वगैरह ........अपीलार्थीगण

**विरूद्ध**

कांति देवी वगैरह ..................उत्तरवादीगण

अपीलार्थी शंकर लाल खण्डलिया के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष व्य.अ.क्र.03 अ/2024 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें **उत्तरवादी क्रमांक-12 (ब) अनन्य सिंह पिता स्व. राजेश सिंह जाति-क्षत्रिय निवासी पूराना हाई कोर्ट के सामने बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.** को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक-10/03/2026 को दिन के 10.30 बजे उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक-10/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान – जांजगीर
दिनांक– 03/02/2026

**(सर्व विजय अग्रवाल)**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका पुनम पाठक पति सौरभ पाठक आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) चिन्मर्य बिल्डर्स (2) अन्य सरहदी भूमिस्वामी (3) ग्राम कोटवार।

**विषय:**-सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

**संदर्भ**-न्याया.ना.तह.बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/तह/वा/2025 बोदरी दिनांक: 07/11/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका / आवेदिका पुनम पाठक पिता/पति सौरभ पाठक जाति ब्राम्हण निवासी ग्रीन पार्क बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01. रानिमं. बोदरी व तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.293/5, 292/4 रकबा 0.008, 0.0850 मन. 03 रकबा, 256/12,-0.0040 मन (02) एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन किये हेतू न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 09/02/26 को 12.00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**टीप:**-उपरोक्त सीमांकन मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.बोदरी, तहसील-बोदरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 16/01/2026

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 611/4 रकबा 0.014 एकड़ भूमि की नामांतरण के लिए श्रीमती मैथिली ठाकरे आ./पति स्व. संदीप ठाकरे निवासी चंदेला नगर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09.02.26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 20/01/2026

ग्राम फरहदा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम फरहदा प.ह.नं. 28 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 79/3, 245/2, 270/3 रकबा 1.0960, 0.1820, 0.2020 हे. एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/ नामांतरण/ अभिलेख सुधार के लिए श्री केशर कुमार शुक्ला आ. पुरूषोत्तम प्रसाद निवासी फरहदा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09.02.26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं ललित टंडन उम्र 24 साल पिता श्री ढोलाराम टंडन, जाति सतनामी, निवासी ग्राम हथकोड़वा बरतोरी, पो.आ. बरतोरी, तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि मेरे नाबालिक भाई का वास्तविक नाम सलेन कुमार टंडन (SALEN KUMAR TANDAN) पिता का नाम मांदरू (MANDARU) है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जो कि उसका वास्तविक नाम है। मेरे भाई के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में भी उसका नाम सलेन कुमार टंडन (SALEN KUMAR TANDAN) पिता का नाम मांदरू (MANDARU) है। मेरे भाई के आधार कार्ड नंबर 2190 7852 2221 में उसका नाम शलेद टंडन पिता ढोलाराम टंडन (SHALEND TANDAN S/O DHOLA RAM TANDAN) है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

यह कि आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र में पृथक पृथक नाम होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सलेन कुमार टंडन (SALEN KUMAR TANDAN) पिता का नाम मांदरू (MANDARU) के नाम से जाना व पहचाना जाता हैं एवं यही नाम उसके सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं बैंक पासबुक से लेकर आधार कार्ड व सभी कागजातो में लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार की कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।

स्थान : बिल्हा
दिनांक:..........

भवदीय
ललित टंडन, मो. 9098756684

**श्रीमान् पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग)**
**नोटिस/समंस**

प्रोसेस क्रमांक – 22
व्य.वाद.क्र. 378 अ/2025
आदेश दिनांक – 15/01/2026
पेशी दिनांक – 10/02/2026

विशाल वगै..... वादीगण
विरूद्ध
आम जनता वगै.......प्रतिवादीगण

बनाम :-
आम जनता एवं निकाय जो संबंधित हो

वादीगण के द्वारा इस न्यायालय मे व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जो व्यवहार वाद क्र 378अ/2025 पक्षकार विशाल विरूद्ध आम जनता वगै. पेशी तारीख 10/02/2026 प्रस्तुत किया गया है जिसमे आप प्रतिवादी गण का उपसंजात हेतु नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है।

आप पेशी दिनांक 10/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर इस प्रकरण में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से भाग लेकर जवाब इत्यादि प्रस्तुत करे उक्त पेशी दिवस को यदि आप प्रकरण मे उपस्थित नहीं होगे तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी यदि उक्त कार्य दिवस को अवकाश होगी तो प्रकरण में आगामी दिवस का सुनवाई कि जावेगी।

आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 02/02/2026

**प्रणव वैद्य**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर( छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में सिमरन का चयन

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में अध्ययनरत बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन यादव का चयन ऑल इंडिया बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी एवं क्रीडा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया ने सिमरन यादव को इस उपलब्धि के लिए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।



### शिशु मंदिर कोतरी में वार्षिक उत्सव बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**लोरमी।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोतरी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कई मनमोहक नृत्य, नाटक, गीत व भाषण, कर्मा, ददरिया, सुआ, गौरा-गौरी, पंथी, राउत नाचा, लोक पारंपरिक प्रस्तुत किएए गए। कार्यक्रम देखने बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वर्षा विक्रम सिंह जनपद अध्यक्ष लोरमी, अध्यक्षता दुर्गा उमाशंकर साहू सरपंच पूर्व जिला सदस्य मुंगेली, मदन ध्रुव सरपंच कोतरी, वंदना श्रवण कश्यप सरपंच पैजनिया, विद्यालय के अध्यक्ष रामावतार कश्यप, जिला कार्यवाह हजारी साहू, जिला पर्यावरण संयोजक ताम्रध्वज कश्यप, खंड प्रचार प्रमुख उमाशंकर सिंह राजपूत, किसान कार्य प्रमुख श्रीधर परिहार सहित प्रधानाचार्य खेदू सिंह क्षत्रिय, आदित्य निषाद, स्वाति पांडे, नेहा यादव, चन्द्रकांता रजक, बृहस्पति साहू, प्रियंका ध्रुव, सत्या यादव, श्वेता तिवारी, भारती क्षत्री, रानी मेहर उपस्थित रहे।

### सिंगरौल समाज की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**तखतपुर।** सिंगरौल समाज की तीन दिवसीय बैठक भरेवा में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष रामु सिंगरौल ने कहा कि, आज हम जिस मुकाम पर हैं, उससे भी आगे जा सकते हैं। यह सब शिक्षा के बदौलत संभव है। इस लिए हम सभी प्रत्येक बच्चों को शिक्षा दिलाएं, साथ ही सामाजिकजन एक जुट होकर सामाजिक समस्याओं का निराकरण करें व जरूरतमंदों की मदद करें। इस अवसर पर अध्यक्ष रामू सिंगरौल, सचिव रतन लाल सिंगरौल चितावर उपाध्यक्ष बालाराम, हरिराम की उपस्थिति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही बेटी-रोटी का संबंध सभी कुर्मी समाज में किया जा सकता है, इन सभी बातों पर सिंगरौल समाज में प्रस्ताव पास किया गया।

### मरवाही पुलिस की तत्परता ने बचाई मासूम की जान

**मरवाही।** मरवाही पुलिस का मानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया है, जब उन्होंने सूझबूझ से 14 साल की नाबालिक बच्ची की जान बचाई। थाना प्रभारी मरवाही शनिप रात्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। मरवाही पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है। 3 फरवरी को मरवाही पुलिस को सूचना मिली, कि एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची सुबह 9 बजे किसी बात पर नाराज होकर लोहे का हंसिया लेकर कई घंटों से खुद को कमरे में बंद कर रखा है। सूचना पर थाना प्रभारी मरवाही निरीक्षक शनिप रात्रे तत्काल स्टॉफ के साथ ग्राम कुम्हारी पहुंचे और सावधानीपूर्वक दरवाजे को तोड़ कर अंदर गए और बच्ची के हाथ से लोहे का हंसिया को छीन कर उसे सकुशल बाहर निकाला गया। इसके बाद बच्ची के मानसिक व शारिरिक स्वास्थ्य हेतु जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। थाना प्रभारी ने समझाईश देते हुए बच्ची को उसकी मां सुपुर्द किया।



### विश्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर राजकुमार का स्वागत



**पथरिया।** लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के बाद समाजसेवी राजकुमार सतनामी का मुंगेली जिले में भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर सतनामी समाज सहित सभी धर्म-संप्रदाय के लोगों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साधारण मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले राजकुमार सतनामी ने मात्र 13 वर्ष की उम्र में सामाजिक जागरूकता अभियानों की शुरुआत की और कम उम्र में ही सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष व पंजीकृत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्हें अब तक प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान मिल चुके हैं, जिनमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा प्रदत्त 'सामाजिक योद्धा सम्मान' भी शामिल है। इस अवसर पर राजकुमार सतनामी ने कहा कि, यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज और सभी धर्म-संप्रदाय का है।

## कलेक्टर ने ली प्राचार्यों एवं शिक्षा अधिकारियों की बैठक

# जिले के सभी बीईओ-एबीईओ का रुका वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मनोहरपुर स्कूल की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और प्राचार्य संजीव निर्मलकर द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण में लापरवाही एवं प्रगति पत्रक संधारित नहीं पर कलेक्टर ने सभी बीईओ एवं एबीईओ की सैलरी रोकने के निर्देश दिए।

इसके अलावा शिक्षा गुणवत्ता में बेहतर सुधार नहीं लाने पर लालपुर, मनोहरपुर, लगरा, देवरहट, डोंगरिया, राम्हेपुर, बैगाकापा एवं गोड़खाम्ही स्कूल के प्राचार्यों की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले में 'मिशन 90 प्लस' परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम' प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना तथा बोर्ड परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाना है। अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षा अधिकारियों की विस्तृत बैठक ली। बैठक में परीक्षा परिणाम सुधारने, शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने तथा कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की जवाबदेही तय करने पर विशेष फोकस किया गया। कलेक्टर ने कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों की समीक्षा करते हुए मनोहरपुर स्कूल की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की, और प्राचार्य संजीव निर्मलकर द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण में लापरवाही एवं प्रगति पत्रक संधारित नहीं पर कलेक्टर ने सभी बीईओ एवं एबीईओ की सैलरी रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राम्हेपुर विद्यालय की प्राचार्य मरियम एक्का से चर्चा कर आगामी परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने, लालपुर थाना स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य विद्यालयों को बेस्ट प्रैक्टिस अपनाकर परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु विशेष प्रयास करने प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि, सभी स्कूल अपने नवाचार साझा करें ताकि जिले के सभी विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के सभी विद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस का संकलित प्रतिवेदन तैयार कराने निर्देशित किया। साथ ही सभी बीईओ, बीआरसी को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्राचार्य शकुंतला के प्रयासों की सराहना की। 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अनसॉल्व्ड पेपर एवं मॉडल पेपर की तैयारी गंभीरता से कराई जाए। उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बेहतर मॉनिटरिंग टूल विकसित कर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।



प्राचार्यो की बैठक लेते कलेक्टर।

## जिले में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में 14 मार्च को जिले में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने जिला न्यायालय परिसर में बैंकों एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोक अदालत में बैंकों एवं बीमा कंपनियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। न्यायाधीश मेरावी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत करें तथा प्रकरणों के निराकरण पर मिलने वाली छूट एवं लाभ की जानकारी पक्षकारों तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं, ताकि अधिकाधिक मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से समाधान हो सके। साथ ही, सभी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में लंबित क्लेम प्रकरणों के शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिससे न्यायिक बोझ कम हो और पीड़ित पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुंगेली जसविंदर कौर अजमानी मलिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला, अधिवक्ता टीकम चंद्राकर एवं जिले के बैंकों के अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के योगदान के बिना राज्य का विकास असंभवः मोहले



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी का ओर से राज्य भर में 25 वर्षों के गौरवशाली सफर के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में तहत जिला मुख्यालय मुंगेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ऊर्जा के क्षेत्र में 25 वर्षों की प्रगति और विकास की गाथा को साझा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, विद्युत के बिना विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। विद्युत विभाग के योगदान के बिना राज्य का समग्र विकास अधूरा है। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि, विद्युत विभाग के कर्मचारी बिना किसी मौसम की परवाह किए 24 घंटे लोगों की घरों को रोशन करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने शहर के विकास के लिए विद्युत विभाग के कार्यों की सराहना की तथा चौक-चौराहों को रोशन करने हेतु सुझाव दिए। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता नन्दराम भगत ने राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोनी ने किया।

## फाइलेरिया उन्मूलनः सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 से



**मुंगेली।** जिले में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। जिले के तीनों विकासखंडों लोरमी, मुंगेली एवं पथरिया में 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक सामूहिक दवा सेवन अभियान संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में आज कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ आरएस आयाम एवं व्हीबीडी सुपरवाइजर मिर्जा तौशेर अहमद बेग ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के दौरान दवा वितरण दल के सदस्य 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर लोगों को दवा का सेवन कराएंगे। प्रशिक्षण में फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु दवा सेवन के महत्व, संभावित प्रभावों तथा सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## ठरकपुर में लगा मदनलाल शुक्ल कॉलेज का एनएसएस शिविर



**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल कॉलेज के द्वारा आयोजित सात दिवसीय रासेयो विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत आश्रित ग्राम ठरकपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रभूषण कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की ऊर्जा जब समाजहित में लगती है तो बदलाव निश्चित होता है। शिविर संरक्षक एवं प्राचार्य राजीव शंकर खेर के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य डॉ. रघुनंदन पटेल ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को समाज के वास्तविक जीवन से जोड़ता है और उनमें सेवा, संवेदनशीलता व नेतृत्व की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने कहा कि यह विशेष शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का अभियान है। इस अवसर पर रामगोपाल जायसवाल प्रधानपाठक, नन्द कुमार साहू प्रधानपाठक, शंकर सिंह टेकाम, सुरेंद्र पटेल, एसके सिंह, डॉ. रामप्रसाद चंद्रा सहायक प्राध्यापक, भूपेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की ऐतिहासिक पहल है एनओबी कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारी एनओबी कार्यक्रम को लेकर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया। युवा कांग्रेस सह प्रभारी शहजाद आलम अंसारी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को संविधान के मूल्यों के साथ जोड़ते हुए एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

जिला अध्यक्ष राजेश छैदईया ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के साथ राजनीति में आगे आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल पद पाने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को विचारधारा, नीति और जनसेवा से जोड़ने का अभियान है। कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जनआंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ता एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारी अनुमति अनुसार आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होगी।

## मकान की दीवार तोड़ने के दौरान गिरी, एक मजदूर की मौत, एक घायल

**कोरबा।** एक पुराने मकान के दीवाल को तोड़ने के लिए मजदूर लगाया गया था। तोड़ने के दौरान मकान का दीवाल अचानक गिर गया जिसकी जद में आने से एक मिस्त्री की मौत हो गई है जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया है। घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी नरेश कुमार मिरी 35 वर्ष पिता राजकुमार मिरी अपने साथी दिलेश्वर बिंझवार के साथ मिलकर छोटा-मोटा ठेकेदारी का काम करता है। बताया जाता है कि नरेश व दिलेश्वर ने मिलकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पथर्रीपारा निवासी रामहरि राठौर के घर में मकान निर्माण का काम ठेका लिया हुआ था। 3 फरवरी की सुबह नरेश व दिलेश्वर मकान को तोड़ने के लिए अपने अन्य साथी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। शाम लगभग 4 बजे मकान को तोड़ने का काम किया जा रहा था कि इसी दौरान मकान का दीवाल अचानक भर भराकर सीधे नरेश के ऊपर जा गिरी और दिलेश्वर भी उसकी जद में आ गया। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके उपरांत वहां के लोगों की सहायता से नरेश कुमार मिरी और दिलेश्वर बिंझवार को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां इलाज के कुछ देर बाद ही नरेश कुमार मिरी की मौत हो गई। जबकि दिलेश्वर को उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पथर्रीपारा बस्ती का मामला

## राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार कार्यक्रम में परसिया के छात्र का चयन



**पथरिया।** ग्राम पंचायत परसिया विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि, राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के होनहार छात्र पतलेश्वर ध्रुव का चयन हुआ है।

चयन के पश्चात छात्र को विशाखापट्टनम की 5 दिवसीय शैक्षणिक एवं विज्ञान आधारित अध्ययन यात्रा का अवसर मिलेगा, जो उसके शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर सहित पूरे ग्राम में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रधानपाठक अनिल कुमार कौशिक ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि, विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्माण हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। अनुशासन, नियमित अध्ययन और शिक्षक–छात्र समन्वय से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।वहीं विज्ञान शिक्षक मोहिंदर सिंह वर्मा ने बताया कि, विद्यालय में विद्यार्थियों को निरंतर कैरियर गाइडेंस, नवाचार आधारित शिक्षण तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है, जिससे मेधावी छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक सजग बनते हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव में दिया गया प्रशिक्षण

# किसी भी मरीज के साथ भेदभाव करना अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव में बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहू एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने एचआईवी-एड्स एक्ट 2017 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, किसी भी मरीज के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में भेदभाव करना कानूनन अपराध है। यदि किसी प्रकार के भेदभाव की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें जेल एवं जुर्माने की सजा भी हो सकती है। कार्यक्रम में टीबी एवं एचआईवी से संबंधित समन्वित सेवाओं पर भी चर्चा की गई, तथा शीघ्र पहचान कर उपचार प्रारंभ करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में परामर्शदाता दिलीप बसंत ने एचआईवी, एसटीआई के रोकथा एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलिसिस के तहत सावधानियों एवं बचाव के बारे में बताया गया। साथ ही सभी चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी संक्रमित गर्भवती माताओं की शीघ्र पहचान कर अनिवार्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में जागरूकता आधारित लघु फिल्म 'जरा सी गलती' भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि, वे एचआईवी-एड्स संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे, तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।




## डोंगरीगढ़ में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव




**लोरमी।** ग्राम डोंगरीगढ़ के दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा संचालित डॉक्टर अंबेडकर बालक छात्रावास मां भुवनेश्वरी हाईस्कूल में परिसर में पूर्व छात्र सम्मेलन और वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीनानाथ केशरवानी, जिला अध्यक्ष मुंगेली एवं अध्यक्षता वर्षा विक्रम सिंह जनपद अध्यक्ष लोरमी और मुख्य वक्ता डॉक्टर देवनारायण विद्या भारती संगठन मंत्री रहे। मुख्य अतिथि ने कहा सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्वर्गीय फूलचंद जैन द्वारा इस छात्रावास आश्रम की स्थापना आज से लगभग 30 वर्षों पहले की गई थी। क्षेत्र के लिए उनकी दूर दृष्टि ही थी जिसका परिणाम आज हम यह देख पा रहे हैं। जप अध्यक्ष वर्षा सिंह ने बताया कि सेवा समर्पण का ऐसा स्वरूप डोंगरीगढ़ में ही देखने को मिलता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जप उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, लखन यादव, विनोद यादव, तिजिया, पुरुषोत्तम बघेल, विदेशीराम, एसके बांधे, देवेंद्र गुप्ता, अमिताभ वैष्णव एवं छात्रावास परिवार के साथ-साथ समिति के सभी पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एयू में प्री-पीएचडी के लिए आवेदन 16 तक

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के तीसरे बेच में प्रवेश देने के लिए प्री-पीएचडी की तैयारी शुरु हो गई है। प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन भराना शुरू हो गया है और 16 फरवरी तक आवेदन भराया जाएगा। यूनिवर्सिटी में 20 विषयों में पीएचडी 493 सीटें हैं। अटल यूनिवर्सिटी में पहले बेच की पीएचडी काफी विवादित रही और अब पहले के सभी शोधार्थियों की पीएचडी अवार्ड होते जा रहा है। वहीं दूसरे बेच की पीएचडी अभी चल रही है।

### स्कूटी को लगी टक्कर, दो युवकों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** आटो से स्कूटी को टक्कर लगने के बाद युवकों के बीच विवाद हो गया। इसका बदला लेने के लिए युवकों ने फाइनेंस कंपनी के आफिस में घुसकर दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में लहूलुहान युवकों की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुम्मत साहू ने बताया कि तालापारा में रहने वाले आशीष कुर्रे और सुभाष रात्रे बजाज फाइनेंस कंपनी में करते हैं। बुधवार की शाम दोनों एक ऑटो को सीज कर यार्ड ले जा रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी से रेहान की स्कूटी टकरा गई। टक्कर के बाद मौके पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। हालांकि उस समय किसी तरह मामला शांत हो गया और दोनों अपने-अपने रास्ते चले गए। विवाद के कुछ समय बाद रेहान अपने साथियों को लेकर बजाज फाइनेंस के कार्यालय पहुंच गया। आरोप है कि कार्यालय में पहुंचते ही रेहान और उसके साथियों ने आशीष कुर्रे और सुभाष रात्रे के साथ गालीगलौच शुरू कर दी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान चाकू से भी हमला किया गया।

### युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर निवासी सुनील महंत पिता परदेशी महंत 3 फरवरी की रात रात 8.30 बजे अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान मोहल्ले से थोड़ी दूर में रहने वाला नानू उर्फ समीर गोंड़ ने उनके घर के पास आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके दाहिने हाथ, पीठ में चोट आई है।

### साइन बोर्ड से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** रांग साइड में जाकर साइन बोर्ड से टकराने वाले बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, खोपरा निवासी धर्मेन्द्र श्रीवास पिता स्व. राजेन्द्र श्रीवास 27 साल काम से सकरी की ओर आए थे। काम निपटाने के बाद दोपहर 2.30 बजे बाइक से वापस गांव जा रहे थे। सैदा ओवरब्रिज के पहले तेज रफ्तार में रांग साइड जाकर सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए हास्पिटल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण कर मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

---

**सफाई में खामी** | **टिकट काउंटर बंद होने पर बस संचालकों को हिदायत**

# सफाई में खामी: ठेका कंपनी को नोटिस, होटल संचालक पर 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंचे निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सफाई कार्य में खामी मिलने पर ठेका कंपनी लायंस सर्विसेस को नोटिस जारी किया हैं। साथ ही गंदगी फैलाने पर होटल रैन बसेरा धर्मशाला पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

■ हाईटेक बस स्टैंड पहुंचे निगम कमिश्नर, सफाई के निर्देश

अधिकारियों के मुताबिक उक्त होटल को पूर्व में भी नोटिस और समझाइश दी गई थी,जिसके बाद भी अव्यवस्था फैलाया जा रही थी। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में गंदगी पाए जाने और सही ढंग से सफाई कार्य नहीं होने पर ठेका कंपनी लायंस सर्विसेस के प्रतिनिधि और सफाई निरीक्षक को निगम कमिश्नर ने फटकार लगाया। इसके अलावा ठेका कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड के पास स्थित रैन बसेरा धर्मशाला नाम के होटल द्वारा मार्ग और आसपास कचरा और गंदगी फैलाया गया था। इस पर होटल संचालक मेघराज सिंह ठाकुर पर पांच हजार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए।



### कंडम बस को हटाने के निर्देश

बस स्टैंड के पूरे परिसर का निगम कमिश्नर ने पैदल भ्रमण कर मुआयना किया। इस दौरान टिकट काउंटर बंद होने और काउंटर के सामने टेबल मेज रखे होने पर बस संचालकों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए और काउंटर को हमेशा खुला रखने और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने बस स्टैंड के सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिसर में बस संचालकों द्वारा खड़ी की गई कंडम बसों को भी हटाने के निर्देश निगम कमिश्नर ने दिए ताकि बस स्टैंड व्यवस्थित हो।

---

**निगम आयुक्त ने सीमांकन कराने लिखा पत्र**

# मंगला चौक पर नालियों पर बनीं दुकानें निर्माण में गिरने का खतरा, काम जारी



मंगला चौक की नालियों पर बनीं दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब साफ हो गया है, इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने हटा दिया है। इसके बाद मंगला चौक से आजाद चौक तक नाली निर्माण का काम पहले शुरू किया गया तो निगम को परेशानी हुई। दरअसल 20 दुकानें ऐसी हैं जो कि नालियों पर बनी हैं। इन्हें तोड़ने पर निगम को और चौड़ी सड़क मिल सकती है लेकिन फिलहाल दुकान के बगल से काम शुरू किया गया है। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के मुताबिक सड़क का सीमांकन कराया जाएगा। इसके लिए 9 फरवरी की तिथि तय की गई है।

मंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है,संकरी सडक़ और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाडय़ों की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है और सडक़ किनारे ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की वजह से बरसात में पानी भी भर जाता था। अब योजना के मुताबिक पेट्रोल पंप से आगे डेढ़ किमी के हिस्से में निगम 80 फीट चौड़ी सडक़ के साथ फूटपाथ और नाली भी बनाएगी। इससे यातायात भी सुगम होगा और पानी का भराव भी नहीं होगा ध्यान रहे कि पूर्व में यहां के रहवासियों ने सडक़ चौड़ीकरण के लिए अभियान भी चलाया था। ज्ञात है की मंगला के आगे भैंसाझार तक सडक़ निर्माण पूरा हो चुका है केवल मंगला बस्ती के अंदर डेढ़ किलोमीटर का काम अतिक्रमण की वजह से बचा हुआ है।



### 46 अतिक्रमण को निगम ने हटाया

मंगला रोड में पेट्रोल पंप से लेकर आगे तिवारी कांप्लेक्स तक डेढ़ किलोमीटर के हिस्से में करीब 46 लोगों ने अपने घर और दुकानों के सामने 10 से 20 फीट तक का पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया हुआ था। सडक़ चौड़ीकरण के लिए इन अतिक्रमण को हटाना आवश्यक था। निगम कमिश्नर ने सडक़ निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने के और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर दल बल के साथ सभी अतिक्रमण को हटाया गया। पूरे दिन भर चलें कार्रवाई में सडक़ चौड़ीकरण के लिए रास्ता अब साफ हो गया।

### कराया जाएगा सीमांकन

मंगला चौक से आजाद चौक तक नाली निर्माण का काम पहले शुरू किया गया है। नालियों पर कुछ दुकानें बनीं हुई मिली हैं। इसके लिए 9 फरवरी को सीमांकन कराया जाएगा।

- **प्रकाश कुमार सर्वे**, निगम आयुक्त

---

**तैयबा चौक, ईदगाह चौक और बजरंग चौक पर कार्रवाई**

# सत्यम चौक से भारतीय नगर चौक तक कब्जा, विरोध के बीच निगम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने फिर से नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को सत्यम चौक से लेकर मगरपारा चौक और भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए। इस दौरान सड़क में रखे दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही चौक में अवैध रूप से संचालित हो रहे ठेला व गुमटियों को जब्त किया गया।

■ बाहर निकले शेड, नालियों पर बनीं दुकानों को हटाया गया

दुकानदारों को सामान बाहर न रखने की चेतावनी दी गई है। खासतौर पर मगरपारा के तैयबा चौक, ईदगाह चौक और बजरंग चौक पर अवैध रूप से कब्जों को हटाया गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया।

निगम की अतिक्रमण टीम ने मंगलवार को सत्यम चौक से कार्यवाही शुरू की और सड़क पर दुकान लगाने वालों को सामान जब्त करना शुरू किया। साथ ही इस दौरान सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क के दायरे से बाहर दुकान लगाए, अन्यथा अगली बार भी सामान के साथ ठेला व गुमटी भी जब्त कर ली जाएगी। निगम की टीम ने पाया कि दुकानदारों ने सड़क के दोनों तरफ शेड निकाल लिए हैं। नाली पर दुकानें बना ली गईं हैं तो चबूतरों पर कब्जा कर लिया है। निगम ने इन सभी को तोड़ दिया। इस दौरान निगम टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। छुटभैय्ये नेताओं ने काम रोकने की कोशिश भी की लेकिन निगम टीम ने सख्ती दिखाई।

### इन सड़कों पर भी चली कार्रवाई



निगम की टीम ने शहर के अन्य सड़को के तहत पुराना बस स्टैंड चौक, तारबाहर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ ही सरकंडा मुख्य मार्ग में भी कार्रवाई की। जिन्हें पहले से समझाइश दी गई थी कि वे अपने ठेला व गुमटी सड़क के दायरे से हटा लें, लेकिन समझाइश पर जरा भी ध्यान नहीं दिया गया, ऐसे में इन दुकानदारों के सामानों व ठेला को जब्त कर लिया गया है। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने साफ किया है कि आगे भी कार्रवाई चलते रहेगी। सड़क को हर हाल में कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

### छात्राओं किया गया सायकिल वितरण

बिलासपुर। हाईस्कूल लोखंडी में 4 फरवरी को कक्षा नवमीं की छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह थे। सरस्वती साईकिल योजना की प्रभारी अरुणा शर्मा, शाला की प्राचार्य रचना नायडू ,बलराम पटेल, रामकुमार गढ़ेवाल, प्रीतम पटेल, परमेश्वर पटेल आदि मौजूद थे।

## मस्तूरी गोलीकांड : अकबर की जमानत अर्जी खारिज

**बिलासपुर।** कोर्ट ने मस्तूरी गोलीकांड के मामले में जेल में बंद कांग्रेस नेता अकबर खान की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। 28 अक्टूबर 2026 की शाम 6 बजे मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड चौक नहर के सामने तुकेश सिंह ठाकुर के आफिस के बाहर किरारी निवासी नितेश सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, तुकेश सिंह, तमेश सिंह, बबला सिंह तमेश के आफिस के बाहर कुर्सी में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बाइक में नहाबपोशों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने उक्त मामले में विश्वजीत अनंत, अरमान उर्फ बल्मजीत अनंत, विक्रमजीत उर्फ चाहत, ब्रायन जीत उर्फ अर्जू, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस, मोहम्मद मतीन उर्फ मोंटू, देवेन्द्र सुमन उर्फ निक्कू व षड़यंत्रकारी अकबर खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अकबर खान ने वकील के माध्यम से कोर्ट में स्वास्थगत कारण बताते हुए जमानत अर्जी लगाई। पीड़ित नितेश सिंह ने वकील के माध्यम से आरोपी अकबर खान के खिलाफ पूर्व में अनेक गंभीर अपराधों से सम्मलित रहा है। कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उक्त मामले में षडयंत्रकारी कांग्रेस नेता ताकेश्वर पाटले व तोरवा थाना क्षेत्र का गुण्डा बदमाश नागेनद्र राय फरार हैं।

---

# लिंक एक्सप्रेस की टक्कर से ट्रैक मेंटेनर और ठेकेदार के लेबर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंक एक्सप्रेस की टक्कर से रेलवे ट्रैक पर काम करने वाले ट्रैक मेंटेनर और ठेकेदार के कर्मचारी की मौके पर मौत हो गई। आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने रेल कर्मचारी और ठेकेदार कर्मी का शव पोस्टमार्टम के उपरांत अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप मर्ग कायम कर लिया है।

बुधवार को रायपुर से बिलासपुर डिवीजन के बीच रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस और अन्य कार्य के लिए ट्रैक मेंटेनर और ठेकेदार के कर्मचारी पेट्रोलिंग कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों से मेन लाइन पर ट्रैक का रखरखाव करने के लिए ट्रैक मेंटेनरों के साथ ठेकेदार के कर्मचारी भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि रेल कर्मचारियों को किसी तरह की दिक्कत न हो सके। प्रतिदिन की तरह सुबह ट्रैक मेंटेनर कम चॉबीदार लालाराम बंजारे पिता एसआर बंजारे 55 साल और मोहन लाल साहू पिता खेदराम साहू 29 साल बैकुंठ से तिल्दा के बीच ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य कर रहे थे। इस दौरान डाउन लाइन पर मालगाड़ी निकल रही थी, जिसे देखने के बाद दोनों कर्मचारी मीडिल लाइन पर आ गए। डाउन लाइन पर मालगाड़ी के आने के तत्काल बाद मीडिल लाइन पर विशाखापट्टनम से बिलासपुर होकर कोरबा की ओर आने वाली लिंक एक्सप्रेस अचानक आ गई। मालगाड़ी की आवाज से दोनों कर्मचारी लिंक एक्सप्रेस के हार्न की आवाज नहीं सुन पाए। इसकी वजह से दोनों लिंक एक्सप्रेस के नीचे आ गए, जिसके कारण ट्रेन की टक्कर से दोनों की मौके पर मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां दोनों कर्मचारियों का शरीर के अलग-अलग टुकड़े हो गए थे। जीआरपी ने दोनों कर्मचारियों का शव पंचनामा व पोस्टमार्टम कार्रवाई करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया है।



घटना स्थल पर लगी भीड़।



मृतक

## थाने में हंगामा, कांग्रेस नेता सहित अन्य पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बीती रात कोटा में आपसी विवाद के बाद थाने में गाली गलौज कर हंगामा मचाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों को प्रतिबंधित कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली गई थी। सोशल मीडिया में थाने के अंदर गाली गलौज हंगामा मचाने का वीडियो वायरल होने के बाद हंगामा मचाने वाले कांग्रेस नेता सहित अन्य के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया गया है।

2 फरवरी की रात कोटा रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा उर्फ छोटू का पड़ोसी राम सोनी से विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी। उसके बाद दोनों पक्ष अपने सहयोगियों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए। थाने के अंदर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में दबंगई दिखाते हुए दोनों पक्ष के सहयोगी युवक एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर विवाद करते हुए जमकर हंगामा मचाते रहे। हंगामा शांत कराने के बाद संतोष मिश्रा व राम सोनी को अस्पताल ले जाकर मुलाहिजा कराया गया। किन्तु एफआईआर दर्ज नहीं की गई। संतोष मिश्रा उर्फ छोटू, राम सोनी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली गई थी।

### वीडियो वायरल होने के बाद जागी पुलिस

सोशल मीडिया में कोटा थाने के अंदर दोनों पक्षों द्वारा विवाद कर हंगामा मचाते हुए वीडियो वायरल होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने उसे गंभीरता से लेते हुए टीआई नरेश चौहान थाने में हंगामा मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। उसके बाद कोटा पुलिस ने थाने में हंगामा मचाकर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले संतोष मिश्रा उर्फ छोटू, विकास सिंह, राम सोनी, लल्ली सिंह, माघव सिंह व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 221, 194, 1 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

---

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती, दावा आपत्ति 12 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मोछ-3 में कार्यकर्ता एवं समडील-1 में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 12 फरवरी तक मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर में 12 फरवरी तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**खैरखुंडी में अवैध रेत खुदाई कर रहे ट्रैक्टर चालक द्वारा नायब तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का मामला**

# नायब तहसीलदार बोले, हत्या के प्रयास का मामला अगली बार दर्ज कराऊंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खैरखुंडी में नदी से अवैध रेत खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक द्वारा नायब तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने के मामले में नायब तहसीलदार का एक अजीबोगरीब बयान सामने आया है। रतनपुर थाने में उनके द्वारा की गई लिखित शिकायत में उन्होंने खुद पर ट्रैक्टर चढ़ाने वाली घटना का जिक्र तो किया है, लेकिन हत्या का प्रयास की धारा लगवाने के बजाय केवल प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई करने को कहा। अब नायब तहसीलदार यह बयान दे रहे हैं कि अगली बार अगर फिर किसी ने ऐसी कोशिश की तो जरूर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया जाएगा।

रतनपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत खैरखुंडी, गढ़वट व सरवनदेवरी नदी से लगे गांव हैं, जहां विगत लंबे समय से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। दो दिनों पूर्व रेत के अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करने बेलतरा के नायब तहसीलदार राहुल साहू मौके पर पहुंचे, जहां ट्रैक्टर चालक के द्वारा नायब तहसीलदार के ऊपर कथित रूप से अपना ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया गया और मौके से भाग खड़ा हुआ। इस संबंध में पीड़ित नायब तहसीलदार ने रतनपुर थाने में की गई शिकायत में ट्रैक्टर चढ़ाने वाली घटना का जिक्र किया है, लेकिन केवल धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कारवाई करने की बात भी कही है। नायब तहसीलदार के द्वारा कही गई दोनों ही बातें अपने आपमें विरोधाभाषी हैं। अगर उनके ऊपर चालक ने ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया था तो हत्या के प्रयास का मामला दर्ज क्यों नहीं कराया गया? इसी तरह यदि केवल 151 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई ही करानी थी तो शिकायत में अपने ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने जैसी गंभीर घटना का उल्लेख क्यों किया गया? हैरत की बात यह भी है कि वे अब भविष्य में कभी इस तरह की घटना होने पर हत्या के प्रयास का मामला जरूर दर्ज कराने वाला बयान दे रहे हैं।

### दूसरी बार ऐसा हुआ तो कार्रवाई होगी

तात्कालिक रूप से जो प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती थी वो अभी हमने की है। आगे अगर ऐसा कुछ फिर हुआ तो जरूर कार्रवाई की जाएगी।

-राहुल साहू
नायब तहसीलदार

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411